फाल्गुन शुक्ल - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 237 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 23-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 लंबे समय तक बल्लेबाजी करना और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं : पंत

6 दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व है होली

7 नेहा धूपिया ने कहा, बिना फिल्टर के जीवन काफी बेहतर

फर्स्ट टेक

बिग बॉस कन्नड़ स्टार सोनू श्रीनिवास गौड़ा गिरफ्तार

बेंगलूरु/भाषा। सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' और बिग बॉस कन्नड़ स्टार सोनू श्रीनिवास गौड़ा को एक बच्ची को गोद लेते समय उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई बाल कल्याण समिति के एक अधिकारी की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार महिला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आठ साल की बच्ची के साथ रील पोस्ट की थी और इस बच्ची को रायचूर से गोद लिया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''प्राप्त शिकायत के आधार पर, हमने गौड़ा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है।''

रूस, चीन ने गाजा में तत्काल युद्धविराम संबंधी प्रस्ताव पर वीटो किया

संयुक्त राष्ट्र/एपी। रूस और चीन ने गाजा में तत्काल युद्धविराम संबंधी एक अमेरिकी प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। इस प्रस्ताव के तहत गाजा में नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फलस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए गाजा में इजराइल-हमास युद्ध को तत्काल रोके जाने का आह्वान किया गया था। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में हुए मतदान के दौरान 11 सदस्यों ने इसके पक्ष में और तीन ने विरोध में वोट किया और एक सदस्य अनुपस्थित रहा।

भारत मालदीव का 'करीबी सहयोगी' बना रहेगा : मुइज्जू

माले/भाषा। अपनी भारत विरोधी बयानबाजी के बाद, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सुलह का रुख अपनाते हुए कहा कि भारत उनके देश का ''करीबी सहयोगी'' बना रहेगा और उन्होंने नई दिल्ली से द्वीपसमूह राष्ट्र को ऋण राहत प्रदान करने का आग्रह किया। पिछले साल के अंत तक मालदीव पर भारत का लगभग 40 करोड़ नौ लाख अमेरिकी डॉलर का बकाया था। पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से चीन समर्थक मालदीव के नेता मुइज्जू ने भारत के प्रति सख्त रुख अपनाया था और मांग की थी कि तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले भारतीय सैन्यकर्मियों को 10 मई तक उनके देश से वापस भेजा जाये। पद संभालने के बाद स्थानीय मीडिया के साथ बृहस्पतिवार को अपने पहले साक्षात्कार में, मुइज्जू ने कहा कि भारत ने मालदीव को सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ''सबसे बड़ी संख्या'' में परियोजनाओं को लागू किया है।

22-03-2024 सूर्यास्त 6:10 बजे | 23-03-2024 सूर्योदय 6:19 बजे

BSE	NSE
72,831.94	22,096.75
(+190.75)	(+84.80)

सोना	चांदी
6,814 रु.	80,000 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

ईडी धरम

हो हल्ला मचा हुआ भारी,
क्यों प्रश्न पूछता है ईडी।
सब देख रही है जनता भी,
आख़िर क्यों सरकारें नीडी।
ना आंच सांच को आएगी,
बनवा लो इसकी भी सीडी।
लीडर को डर है कांहे का,
कह दो सच को बन कर लीडी।।

आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में

केजरीवाल ईडी की हिरासत में

अदालत ने अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

- केजरीवाल को 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए
- केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' से 100 करोड़ रुपये मांगे थे

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने केजरीवाल को इस मामले में बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया था। राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को अपराह्न दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय की अर्जी पर यह आदेश दिया।

इससे पहले, ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 10 दिन की हिरासत में देने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ 'मुख्य षडयंत्रकारी' थे। आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय से याचिका वापस लिए जाने के तुरंत बाद केजरीवाल को निचली अदालत में पेश किया गया।

ईडी ने राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा से कहा कि केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। उन्होंने कहा कि धन के लेन-देन से पता चला कि गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

राजू ने कहा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से आरोपियों और गवाहों के बयानों की पुष्टि हुई है।

केजरीवाल 'मुख्य षडयंत्रकारी' : ईडी

नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दावा किया कि कथित आबकारी घोटाला मामले में अपराध से अर्जित कमाई की ''बड़ी लाभार्थी'' रही आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा धनशोधन कराए जाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली का मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया। संघीय एजेंसी ने उनकी हिरासत मांगते हुए धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गठित विशेष अदालत से कहा, ''दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों के साथ सांठगांठ करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी घोटाले के सरगना और मुख्य षड्यंत्रकारी हैं।'' ईडी ने अपने रिमांड पत्र में दावा किया, ''अरविंद केजरीवाल कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने की साजिश रचने में संलिप्त थे और वह इन्हें इस नीति के जरिये फायदा पहुंचाने के एवज में शराब कारोबारियों से रिश्वत की मांग करने में शामिल रहे।'' भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के पूर्व अधिकारी केजरीवाल (55) को ईडी ने बृहस्पतिवार रात, धन शोधन रोधी कानून के तहत दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार किया था।

ओडिशा में बीजद से गठबंधन नहीं, आगामी चुनावों में अकेले लड़ेगी भाजपा

नई दिल्ली/भाषा। ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठबंधन की संभावनाएं शुक्रवार को उस समय लगभग समाप्त हो गईं, जब केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में सभी सीट पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की। पिछले कुछ दिनों में दोनों दलों में गठबंधन को लेकर विभिन्न स्तरों पर बातचीत हो रही थी। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी। ओडिशा में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होंगे। उन्होंने कहा कि देश भर में जहां भी 'डबल इंजन' की सरकार रही है, वहां विकास व गरीब कल्याण के कार्यों में तेजी आई है और राज्य हर क्षेत्र में आगे बढे हैं।

अदालत ने यूट्यूबर एल्विश यादव को जमानत दी

नोएडा/भाषा। गौतम बुद्ध नगर की एक अदालत ने विवादास्पद यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव को संदिग्ध मादक पदार्थ मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी। यह जानकारी उनके वकीलों ने दी। रेव पार्टी में सांपों के जहर की आपूर्ति करने के आरोप मे गिरफ्तार किए गए बिग बॉस विजेता एवं जानेमाने यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके दो साथियों ईश्वर और विनय को आज गौतम बुद्ध नगर अदालत ने जमानत दे दी। पुलिस ने एल्विश को बीते रविवार को उस समय गिरफ्तार किया था जब वह नोएडा के सेक्टर 29 में किसी से मिलने आया था। वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश भाटी देवटा ने बताया कि एल्विश यादव, ईश्वर, विनय की जमानत पर आज अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जय हिंद कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं ने तीनों की तरफ से उनका पक्ष रखा। उन्होंने बताया, नोएडा पुलिस द्वारा लगाई गई कुछ धाराएं अदालत ने कल खारिज कर दी थी। आज अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुनने के बाद एल्विश और उसके साथियों को जमानत पर रिहा कर दिया। इस मामले में एल्विश की गिरफ्तारी के बाद थाना सेक्टर 20 पुलिस ने उसके दोस्त विनय और ईश्वर को भी गत 20 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था।

बायजू ने अपने 30 ट्यूशन सेंटर बंद किए

नई दिल्ली/भाषा। वित्तीय संकट का सामना कर रहे बायजू ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न लिमिटेड ने अपने 292 ट्यूशन सेंटर में से 30 को बंद कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। शिक्षा प्रौद्योगिकी फर्म ने कहा कि बायजू ने खर्च कम करने के उपायों के तहत इन ट्यूशन सेंटर को बंद करने का फैसला किया है। कंपनी ने अपने संचालन के तीसरे वर्ष में अधिकांश केंद्रों को मुनाफे में लाने का लक्ष्य रखा है। बायजू ने एक बयान में कहा कि उसे अपने शिक्षकों के समर्पण और अपने छात्रों के प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। गुणवत्ता पर ध्यान देने से इसके अधिकांश केंद्रों को तीसरे साल में लाभदायक बनने में मदद मिल रही है। कंपनी ने कहा कि उसके 262 ट्यूशन सेंटर पहले की तरह हाइब्रिड मॉडल पर काम करते रहेंगे।

भारत और भूटान के लोगों के बीच आत्मीयता द्विपक्षीय संबंधों को अनूठा बनाती है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

प्रधानमंत्री मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित

थिंपू/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और भूटान के लोगों के बीच आत्मीयता उनके द्विपक्षीय संबंधों को अनूठा बनाती है। उन्होंने कहा कि ''भारत'' भूटान के लोगों के दिलों में बसता है। प्रधानमंत्री मोदी को यहां भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वाले वह पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से सम्मानित किया।

मोदी ने कहा, ''भारत और भूटान के लोगों के बीच आत्मीयता उनके द्विपक्षीय संबंधों को अनूठा बनाती है।'' अपने संबोधन में उन्होंने भूटानी लोगों से कहा कि ''भारत आपके दिलों में बसता है।''

मोदी दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे हैं। उनकी यात्रा का उद्देश्य 'पड़ोस प्रथम' की नीति के तहत भूटान के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत बनाना है। अपने संबोधन में, उन्होंने लोगों को ''भूटान के मेरे प्यारे दोस्तों'' के रूप में संबोधित किया।

इस मौके पर भूटान के पांचवें नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और शाही परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। मोदी ने कहा, ''हमारे संबंध अटूट हैं। हमारी मित्रता अटूट है। हमारा आपसी सहयोग अटूट है और खास बात यह है कि हमारा विश्वास भी अटूट है। और, यही कारण है कि यह दिन मेरे लिए बहुत खास है।'' जब मोदी ने लोगों को संबोधित किया तो भूटान के लोग अपने मूल परिधान पहने और दोनों देशों के झंडे लिये हुए थे और लगातार तालियां बजा रहे थे। उन्होंने कहा, ''एक भारतीय के तौर पर यह मेरे लिए बहुत बड़ा दिन है। आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च (नागरिक) पुरस्कार से सम्मानित किया है। जब यह सम्मान किसी दूसरे देश से आता है तो यह विश्वास और मजबूत हो जाता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।''

आईपीएल का रंगारंग आगाज

सीएसके छह विकेट से जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/भाषा। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपना दबदबा जारी रखा।

पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (29 रन देकर चार विकेट) ने अपनी 'वैरिएशन' से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत करायी।

शिवम दूबे (28 गेंद में नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (17 गेंद में नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गये। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (15 गेंद में 37 रन) के साथ अच्छी शुरूआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाये। गायकवाड़ (15 गेंद, तीन चौके) यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया।

अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए।

इससे पहले आरसीबी ने मुस्तफिजुर के झटकों से उबरते हुए अनुज रावत (25 गेंद) और कार्तिक की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

आईपीएल का रंगारंग आगाज

सितारों की मौजूदगी में चंद्रयान-तीन की लैंडिंग बनी आकर्षण

चेन्नई/एजेन्सी। महेंद्र सिंह धोनी के दूसरे घर चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम पीले रंग की जर्सियों से पटा जरूर था, लेकिन आईपीएल-17 के उद्घाटन समारोह ने इसमें हर तरह के रंग भर दिए। अक्षय कुमार का तिरंगा लेकर आसमान से उतरना हो या चंद्रयान-3 की लैंडिंग का रूपांतरण या फिर एआर रहमान का जय हो गीत, आईपीएल-17 के रंगारंग आगाज को दिलो-दिमाग में बिठा गया। तकरीबन 40 मिनट चले उद्घाटन समारोह में टाइगर श्रॉफ, नीति मोहन, सोनू निगम, मोहित चौहान ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। उद्घाटन समारोह का आगाज अक्षय कुमार के डांस से हुआ। आसमान से उतरने के बाद उन्होंने टाइगर श्रॉफ के साथ बाइक पर तिरंगा लेकर स्टेडियम का चक्कर भी लगाया। दोनों ने जय जय शिवशंकर, आज मूड है भयंकर, देसी बॉएज, हरे राम हरे राम, चुरा के दिल मेरा, बाला-बाला, सुनो गौर से दुनिया वालों जैसे गीतों पर डांस कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सोनू निगम ने इसके बाद वंदे मातरम गाया। एआर रहमान के मां तुझे सलाम ने स्टेडियम में समां बांध दिया। इसके बाद मोहित चौहान मसक्कली, मसक्कली गीत पर स्टेडियम को झूमने पर मजबूर कर दिया।

नीति मोहन ने बरसो रे मेघा बरसो गाया, पूरे स्टेडियम ने इस पर जमकर तालियां बजाईं, लेकिन उद्घाटन समारोह का आकर्षण चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग का रूपांतरण रहा। यूं लगा मानों चंद्रमा पर साक्षात चंद्रयान की लैंडिंग हो रही हो।

उद्घाटन समारोह का समापन एआर रहमान के जय हो गीत से हुआ। हर किसी ने इसका जमकर आनंद उठाया। समारोह के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल ट्रॉफी को स्टेज पर लेकर आए। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को भी बुलाया गया। स्टेज पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह, कोषाध्यक्ष आशीष शेलार, आईपीएल संचालन परिषद के चेयरमैन अरुण कुमार धूमल, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सोनू निगम भी मौजूद रहे।

एएसआई ने भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धार (मप्र)/भाषा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया।

एएसआई के दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंची, इस दल के साथ स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने संवाददाताओं को बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चला गया। हिंदू और मुस्लिम दोनों ही इस स्थल को उपासना स्थल मानते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मुसलमानों को स्थल पर उपासना करने की अनुमति दी जाएगी, धार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मंगलवार को पूजा और शुक्रवार को नमाज प्रथा के अनुसार आयोजित की जाएगी। एसपी ने कहा कि वह इस मामले पर एएसआई अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और आस्था से जुड़ी गतिविधियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करेंगे। गोयल ने कहा कि भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए 15 सदस्यीय दल सुबह-सुबह स्थल पर पहुंचा।

उन्होंने कहा कि उनके जैसे याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रमुख संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के सदस्य भी सर्वेक्षण के दौरान मौजूद थे। गोयल ने कहा, आज उन्होंने सर्वे कराने के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी की। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, दल द्वारा जीपीएस और कार्बन-डेटिंग उपकरण जैसी नई तकनीकों का उपयोग किया गया। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद नहीं थे। मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने प्रथा के अनुसार, भारी पुलिस मौजूदगी के बीच स्थल पर शुक्रवार की नमाज अदा की। इससे पहले एसपी सिंह ने कहा कि भोजशाला में सर्वेक्षण शुरू हो गया है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने एएसआई दल को इसके संचालन के लिए साजो-सामान संबंधी समस्त आवश्यक सहायता प्रदान की है। इस कार्य के दौरान सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं और शहर में शांति है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

अधिकारी ने कहा- पूजा, नमाज प्रथा के अनुसार जारी रहेगी

चुनाव प्रचार के दौरान यदि मेरी जाति का जिक्र किया जाता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण : पंकजा मुंडे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

छत्रपति संभाजीनगर/भाषा। महाराष्ट्र में बीड लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार पंकजा मुंडे ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान यदि उनकी जाति का उल्लेख किया जाता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

मुंडे ने कहा कि उन्होंने पार्टी के सहकर्मी एवं पुणे लोकसभा सीट से उम्मीदवार मुरलीधर मोहोल से वहां मुलाकात की और अहमदनगर में भी नेताओं से मुलाकात की, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं लगा कि महाराष्ट्र में जातिवाद है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हालांकि, बीड लोकसभा क्षेत्र में अपना चुनाव प्रचार शुरू करने के बाद यदि मेरी जाति का जिक्र किया जाता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

मुंडे ने यह दावा भी किया कि मराठा कोटा आंदोलन का इस चुनाव में जीत की उनकी संभावना पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

वह पूर्ववर्ती देवेन्द्र फडणवीस सरकार में मंत्री थीं। मुंडे 2019 के विधानसभा चुनाव में पारली सीट पर अपने चचेरे भाई एवं राकांपा नेता धनंजय मुंडे से हार गई थीं।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर पर

मुंबई/भाषा। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.396 अरब डॉलर बढ़कर 642.492 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार में थोड़ी कमी आई थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर हो गईं।

अदालत ने आयकर के पुनर्मूल्यांकन की कार्यवाही के खिलाफ कांग्रेस की याचिका ठुकराई

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खिलाफ शुरू की गई पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, हम याचिका खारिज कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने लगातार तीन वर्षों 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के लिए आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के विरुद्ध कर के फिर से आकलन की कार्यवाही के खिलाफ पार्टी द्वारा दायर याचिका पर 20 मार्च को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेस की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने दलील दी थी पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही की समय सीमा होती है और आयकर विभाग अधिकतम छह मूल्यांकन वर्षों का आकलन कर सकता है। हालांकि, आयकर विभाग ने दावा किया कि आयकर विभाग द्वारा किसी वैधानिक प्रावधान का कोई उल्लंघन नहीं किया गया है और बरामद सामग्री के अनुसार, पार्टी द्वारा ''शेष'' आय 520 करोड़ रुपए से अधिक है।

'केजरीवाल के साथ मजबूती से खड़ी है आप, वह और बड़े नेता बनकर उभरेंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बृहस्वतिवार रात गिरफ्तार किया था।

मान ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल को एक देशभक्त बताया और कहा कि वह इस प्रकरण से और बड़े नेता बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल महज एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार हैं। मान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे ''तानाशाही'' कर रहे हैं और नहीं चाहते कि विपक्ष का कोई नेता लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करे। पंजाब के मुख्यमंत्री ने रूस के हालिया राष्ट्रपति चुनाव का संदर्भ देते हुए कहा, इस देश में लोकतंत्र कहां है? रूस में, (व्लादिमीर) पुतिन को 88 प्रतिशत वोट मिले। वे पुतिन के रास्ते पर चल रहे हैं। मान ने कहा कि वह विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की बैठकों में शामिल होते रहेंगे जैसा कि उन्होंने अतीत में केजरीवाल के साथ शिरकत की है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन इस वक्त मजबूत है और आने वाले दिनों में हम निर्वाचन आयोग से मिलेंगे तथा संयुक्त कार्यक्रम करेंगे। भाजपा की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि यह आप और केजरीवाल से भयभीत है। मान ने कहा, भाजपा को यह भ्रम है कि वे केजरीवाल को गिरफ्तार कर आम आदमी पार्टी को कमजोर कर सकते हैं।

पिछले 10 साल में देश में करोड़ों केजरीवाल ने जन्म लिया है। उन्होंने कहा कि आप छोटी पार्टी नहीं रह गई है और पंजाब एवं दिल्ली में सरकारें होने तथा कई राज्यों में इसके सांसद और विधायक होने के साथ यह राष्ट्रीय पार्टी बन गई है।

मारुति सुजुकी ने बलेनो, वैगनआर की लगभग 16 हजार इकाइयों को वापस मंगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह ईंधन पंप मोटर के एक हिस्से में संभावित खराबी को ठीक करने के लिए बलेनो और वैगनआर मॉडलों की 16,000 से अधिक इकाइयों को वापस मंगा रही है। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि कंपनी 30 जुलाई, 2019 और एक नवंबर, 2019 के बीच निर्मित बलेनो की 11,851 इकाइयों और वैगनआर की 4,190 इकाइयों को वापस मंगा रही है। बयान के मुताबिक, ऐसा संदेह है कि इन इकाइयों के ईंधन पंप मोटर के एक हिस्से में संभावित खराबी है, जिससे एक दुर्लभ मामले में इंजन रुक सकता है या इंजन शुरू होने में समस्या हो सकती है। वाहन निर्माता ने कहा कि प्रभावित वाहन मालिकों को उचित समय में हिस्से को मुफ्त में बदलने के लिए उनसे मारुति सुजुकी के अधिकृत डीलर वर्कशॉप द्वारा संपर्क किया जाएगा।

मालेगांव विस्फोट मामले में प्रज्ञा ठाकुर अदालत में हुईं पेश, जमानती वारंट रद्द

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। विशेष अदालत ने भोपाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की शुक्रवार को पेशी के बाद उनके खिलाफ जारी जमानती वारंट रद्द कर दिया।

अदालत ने बार-बार चेतावनी के बावजूद पेश होने में विफल रहने पर 11 मार्च को प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। ठाकुर सितंबर 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपी हैं।

विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने उस समय ठाकुर को 20 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि ठाकुर निजी अस्पताल में भर्ती होने का दावा करते हुए पेश नहीं हुई थीं। अदालत ने 20 मार्च को अस्पताल से छुट्टी मिलने तक वारंट की तामील पर रोक लगा दी। ठाकुर शुक्रवार को विशेष अदालत में पेश हुईं और अपने वकील के माध्यम से जमानती वारंट रद्द करने के लिए अर्जी दाखिल की।

अदालत ने उनके चिकित्सकीय कागजात पर गौर करते हुए वारंट रद्द कर दिया। ठाकुर ने अपनी अर्जी में दावा किया कि वह बैठने, चलने और हस्ताक्षर करने में भी असमर्थ हैं। अदालत ने कहा कि उसे उनके दावों में दम नजर आता है क्योंकि वह किसी की मदद से अदालत में पेश हुई हैं।

अदालत ने ठाकुर को उनके खिलाफ मुकदमे में अपना अंतिम बयान दर्ज कराने के लिए 28 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया।

कांग्रेस के खातों को 'फ्रीज' करना असंवैधानिकः चव्हाण

पुणे/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने शुक्रवार को कहा कि बैंक खातों को ''फ्रीज'' किए जाने के कारण उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव प्रचार संबंधी खर्चों के लिए धन नहीं जुटा पा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस संबंध में हस्तक्षेप करना चाहिए।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई की चुनाव अभियान समिति के प्रमुख चव्हाण ने दावा किया कि चार बैंकों में कांग्रेस के 11 खाते आयकर विभाग द्वारा 'फ्रीज' कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निर्वाचन आयोग ने हस्तक्षेप नहीं किया है। वर्ष 1994 से करों के पुनर्मूल्यांकन पर खातों को 'फ्रीज' करना लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि केंद्र सरकार अनुचित गतिविधियों में संलिप्त है। चव्हाण ने आरोप लगाया, आगामी आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में आत्मविश्वास की कमी स्पष्ट नजर आ रही है क्योंकि उनकी सरकार किसी भी माध्यम से 'इंडिया' गठबंधन और महा विकास आघाडी (एमवीए) को हराने के लिए विभिन्न रणनीति का सहारा ले रही है। कांग्रेस पार्टी के खाते 'फ्रीज' करना सिर्फ एक उदाहरण है।

लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश तय करेंगेः न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशानिर्देश तय करेगा। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था।

इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा, देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा, यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा।

शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्य में लोकायुक्त के पद पर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सत्येन्द्र कुमार सिंह की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि उनसे (एलओपी से) परामर्श नहीं किया गया था। सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है।

बजाज ऑटो की जून में सीएनजी से चलने वाली बाइक पेश करने की योजना

पुणे/भाषा। घरेलू दोपहिया विनिर्माता बजाज ऑटो स्वच्छ ईंधन सीएनजी से चलने वाली मोटरसाइकिलों का पोर्टफोलियो तैयार करने में जुटी हुई है और वह इस साल जून में ऐसी पहली बाइक उतारने की योजना बना रही है। बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने शुक्रवार को कहा कि स्वच्छ ईंधन से चलने वाली पहली बाइक जून में बाजार में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि नई बाइक किफायती सफर को लेकर जागरूक ग्राहकों को लक्षित करेगी और एक अलग ब्रांड के तहत बाजार में उतारी जा सकती है।

हालांकि बजाज ने कहा कि इस बाइक के विनिर्माण की ऊंची लागत होने से इसकी कीमत पेट्रोल बाइक की तुलना में अधिक हो सकती है।

बजाज ने यह भी कहा कि 20 साल पहले आई पल्सर बाइक की बिक्री के जल्द ही 20 लाख इकाई का आंकड़ा पार हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने अगले पांच साल में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के लिए बजाज समूह द्वारा 5,000 करोड़ रुपए खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई। इससे भविष्य के दो करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा और वे भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था द्वारा पेश किए गए रोजगार और उद्यमशीलता के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

मांग में सिंदूर लगाना एक पत्नी का ''धार्मिक दायित्व'' है : कुटुम्ब अदालत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। इंदौर के कुटुम्ब अदालत (फैमिली कोर्ट) ने हिंदू समुदाय के एक दम्पति के मामले में पारित आदेश में कहा है कि मांग में सिंदूर लगाना एक पत्नी का धार्मिक दायित्व है और इससे यह मालूम पड़ता है कि महिला विवाहित है।

कुटुम्ब अदालत के प्रधान न्यायाधीश एन पी सिंह ने 37 वर्ष की महिला को उसके पति के पास तुरंत लौटने का आदेश देते हुए यह टिप्पणी की। महिला करीब पांच साल से अपने पति से अलग रह रही थी और उसके पति ने दाम्पत्य जीवन की बहाली के लिए हिंदू विवाह अधिनियम के तहत इस अदालत में अर्जी दायर की थी। कुटुम्ब अदालत ने यह अर्जी स्वीकार करते हुए एक मार्च को पारित आदेश में कहा, जब अदालत में राखी (परिवर्तित नाम) के कथन हुए, तो राखी ने स्वीकार किया कि वह मांग में सिंदूर नहीं लगाए हुए है। सिंदूर एक पत्नी का धार्मिक दायित्व है और उससे यह मालूम पड़ता है कि महिला विवाहित है। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी महिला के पूरे कथन के अवलोकन से स्पष्ट है कि उसे उसके पति ने नहीं छोड़ा है, बल्कि उसने अपनी मर्जी से खुद को पति से अलग किया है और वह उससे तलाक चाहती है। कुटुम्ब अदालत ने कहा, ...उसने (महिला) पति का परित्याग किया है। वह स्वयं सिंदूर नहीं लगा रही है। महिला ने पति की अर्जी के जवाब में जीवनसाथी पर दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए। हालांकि, कुटुम्ब अदालत ने तथ्यों पर गौर करने के बाद कहा कि महिला ने अपने इन आरोपों को लेकर पुलिस में दर्ज कराई गई कोई शिकायत या पुलिस की कोई रिपोर्ट अदालत के सामने पेश नहीं की है। पत्नी के साथ दाम्पत्य जीवन की बहाली के लिए अदालत की शरण लेने वाले व्यक्ति के वकील शुभम शर्मा ने बताया कि उनके मुवक्किल का प्रतिवादी महिला से 2017 में विवाह हुआ था और इस दम्पति का पांच साल का बेटा भी है।

अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मकः वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है।

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली/भाषा। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है। नियामक ने एक बयान में कहा, रिपोर्टों और सबूतों के विश्लेषण से पता चला कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी। बयान के मुताबिक एयरलाइन ने चालक दल को पर्याप्त साप्ताहिक आराम तथा लंबी उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त आराम देने में कोताही बरती। नियामक ने एक मार्च को उल्लंघनों के संबंध में एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर एयरलाइन के जवाब को संतोषजनक नहीं पाया गया।

गुजरात विवि में छात्रों पर हमला : अफगान प्रतिनिधिमंडल घटना के बाद के उपायों से संतुष्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अहमदाबाद/भाषा। मुंबई में अफगानिस्तान की महावाणिज्य दूत जकिया वरदक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां गुजरात विश्वविद्यालय का दौरा किया और पिछले सप्ताह विदेशी छात्रों पर हुए हमले के मद्देनजर सुरक्षा उपायों पर विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ बैठक की।

सोलह मार्च की रात लगभग दो दर्जन लोग विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और रमजान महीने के दौरान एक स्थान पर नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों के साथ मारपीट की।

पुलिस के अनुसार, इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने घटना के बाद छात्रों की सुरक्षा के लिए विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया।

गुप्ता ने कहा, घटना के बाद यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। हमने उन्हें बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रतिनिधिमंडल हमारे द्वारा उठाए गए कदमों से संतुष्ट था।

कुलपति से मिलने से पहले, महावाणिज्य दूत वरदक ने स्थिति का जायजा लेने के लिए अपने देश के छात्रों से मुलाकात की।

घटना के बाद अंतरराष्ट्रीय छात्रों को एक नए छात्रावास में स्थानांतरित कर दिया गया है।

वरदक ने संवाददाताओं से कहा, हमने कुलपति के साथ-साथ अपने छात्रों से भी मुलाकात की। उन्होंने (छात्रों) मुझे बताया कि सबकुछ ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं है। हमारे छात्र पिछले पांच वर्षों से यहां पढ़ रहे हैं और वे यहां सभी के लिए भाई-बहन की तरह हैं। इसलिए हमें ज्यादा कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का व्यवहार बहुत मित्रवत रहा है और अफगान छात्र पिछले 20-25 वर्षों से यहां शिक्षा के लिए आते रहे हैं तथा उन्हें कभी कोई समस्या नहीं हुई।

वरदक ने कहा, सभी भारतीय हमारे भाई-बहन हैं और हमें इस मामले को बड़ा नहीं बनाना है तथा इसमें कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं लाना है। हमें कोई बड़ी शिकायत नहीं है। मैंने हमारे छात्रों से कहा कि सबकुछ ठीक है क्योंकि भारत सरकार भी उनकी सुरक्षा का ध्यान रख रही हूं। मैंने छात्रों से कहा कि यह उनका दूसरा घर है।

न्यायालय के गंभीर चिंता जताने के बाद पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की शपथ दिलाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं।

राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था। राजाकनप्पन को फिर से खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड का प्रभार दे दिया गया है जो पूर्व में उनके पास था। दिसंबर में, पोनमुडी को अदालत द्वारा दोषी करार दिये जाने के बाद विभागों के आवंटन में फेरबदल किया गया था।

पोनमुडी के मंत्री पद की शपथ लेने के साथ मुख्यमंत्री स्टालिन और राज्यपाल रवि के बीच तकरार पर विराम लग गया। स्टालिन ने 13 मार्च को रवि को पत्र लिखकर पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने की सिफारिश की थी। लेकिन राज्यपाल ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और कहा था कि पोनमुडी की दोषसिद्धि केवल निलंबित हुई है, निरस्त नहीं हुई है।

इसके बाद, द्रमुक शासन ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। विषय की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने राज्यपाल रवि के रुख पर गंभीर चिंता जताई थी क्योंकि उन्होंने पोनमुडी की दोषसिद्धि निलंबित होने के बाद भी उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल को 24 घंटे के भीतर इस मुद्दे पर फैसला करने का निर्देश दिया था।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हैरानी जताते हुए कहा कि राज्यपाल कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी।

पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा, अटॉर्नी जनरल, हम राज्यपाल के आचरण को लेकर काफी चिंतित हैं। हम इस अदालत में सख्त लहजे में नहीं कहना चाहते, लेकिन वह उच्चतम न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी है। अब क्या राज्यपाल को न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर रोक के बारे में सूचित करना होगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि ''अगर कल तक कुछ नहीं होता है तो हम राज्यपाल को संविधान के अनुसार कार्य करने का निर्देश देते हुए एक आदेश पारित करेंगे।''

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब उच्चतम न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने पोनमुडी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी, तो राज्यपाल को यह कहने का कोई अधिकार नहीं है कि इससे दोषसिद्धि खत्म नहीं हो जाती।

भाजपा ने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की, तमिलनाडु के 15 और उम्मीदवारों की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है।

पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरुवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरुद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा 2019 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

इससे पहले, भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, लेकिन इनमें से दो- भोजपुरी गायक व अभिनेता पवन सिंह और उत्तर प्रदेश के उपेंद्र रावत ने विवाद पैदा होने के बाद अपने नाम वापस ले लिये थे। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इस प्रकार पार्टी ने अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अब तक 290 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से चुनाव शुरू होंगे और एक जून तक सात चरणों में मतदान संपन्न होगा। मतगणना चार जून को होगी।

कांग्रेस की सीईसी ने तमिलनाडु के लिए उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की

चेन्नई/नई दिल्ली। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने शुक्रवार को तमिलनाडु में नौ लोकसभा सीटों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई सीईसी की बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और समिति के कई अन्य सदस्य मौजूद थे। लोकसभा चुनाव के लिए सीईसी की बैठक में राहुल गांधी पहली बार शामिल हुए। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी तमिलनाडु से संबंधित सीईसी की बैठक में मौजूद नहीं थीं। हालांकि वह सीईसी की पिछली कई बैठकों में शामिल हुई थीं। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन में कांग्रेस नौ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है।

कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 138 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। लोकसभा के 543 निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। मतगणना चार जून को होगी।

अदालत बालाजी की आरोपमुक्त करने से संबंधी याचिका पर 28 को फैसला

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे।

प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया। बालाजी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी आर्यमसुंदरम और ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ए.आर.एल. सुंद्रेशन तथा विशेष लोक अभियोजक एन. रमेश ने दलीलें रखीं। सेंथिल बालाजी को न्यायाधीश के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। न्यायाधीश ने बालाजी की हिरासत 28 मार्च तक बढ़ा दी है।

द्रमुक ने 'इंडि' गठबंधन के खिलाफ मोदी की टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की

DMK
திராவிட முன்னேற்றக் கழகம்

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडि) के खिलाफ बार-बार 'हिंदू धर्म का अपमान करने' संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया टिप्पणी से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई करने की अपील की।

द्रमुक ने मोदी को यह कहते हुए उद्धृत किया, इंडि गठबंधन बार-बार और जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करता है। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। वे अन्य धर्मों के खिलाफ नहीं बोलते। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। हम इसे कैसे सहन कर सकते हैं।''

निर्वाचन आयोग को 21 मार्च को लिखे एक पत्र में द्रमुक के संगठन सचिव आर एस भारती ने आरोप लगाया कि मोदी ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के दौरान तमिलनाडु में यह दावा किया था। इसमें कहा गया है कि मोदी की टिप्पणी जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि यह उपयुक्त समय है कि निर्वाचन आयोग शीघ्र कार्रवाई कर हस्तक्षेप करे और झूठे विमर्श, धर्म और अन्य ''विभाजनकारी तरीकों'' के आधार पर किये जा रहे चुनाव प्रचार को रोके। भारती ने कहा, ''इन परिस्थितियों में, मैं निर्वाचन आयोग से अनुरोध करता हूं कि वह इस शिकायत पर उपयुक्त कार्रवाई करे।''

डीएमडीके ने चुनाव के लिए विजयकांत के पुत्र समेत पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की

चेन्नई। डीएमडीके के दिवंगत संस्थापक विजयकांत के बेटे वी विजय प्रभाकर तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा घोषित पांच उम्मीदवारों में शामिल हैं। देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) राज्य में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने मध्य चेन्नई, तिरुवल्लूर (एससी), कुड्डालोर, तंजावुर और विरुधुनगर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रभाकर विरुधुनगर से लड़ेंगे।

आगामी चुनावों के लिए गठबंधन सहयोगी अन्नाद्रमुक द्वारा डीएमडीके को लोकसभा की पांच सीटें दी गई हैं। डीएमडीके के अन्य उम्मीदवारों में पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक पी पार्थसारथी भी शामिल हैं।

अन्नाद्रमुक का घोषणापत्र : परिवारों की महिला मुखियाओं को 3,000 रुपये देने का वादा

चेन्नई। तमिलनाडु में विपक्षी दल अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें उन्होंने देश भर में आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को हर महीने 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने का वादा किया है।

पार्टी महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी द्वारा यहां जारी घोषणापत्र में कहा गया है कि पार्टी केंद्र सरकार से देश में पिछड़े परिवारों की महिला मुखियाओं को हर महीने 3,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का अनुरोध करेगी।

घोषणापत्र में मुख्यमंत्रियों के परामर्श से राज्यों के लिए राज्यपालों की नियुक्ति, 'नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट' (एनईईटी) के लिए एक वैकल्पिक परीक्षा, चेन्नई में उच्चतम न्यायालय की पीठ की स्थापना करने सहित 113 आश्वासन दिए गए हैं।

रसायन प्रयोग के दौरान विस्फोट से एक किशोर की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

चेन्नई। बारहवीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अधिकारियों के अनुसार उसने अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन इस दौरान विस्फोट हो गया।

पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया, ''ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर उपलब्ध रासायनिक पदार्थों के साथ जाहिर तौर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे, जिस कारण विस्फोट हो गया। ऐसे में एस्बेस्टस शीट और दीवार ढहकर उस पर गिर गईं, जिनकी चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई।'' उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध में अप्राकृतिक मौत (सीआरपीसी की धारा 174 के तहत) का मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान विभाग के विशेषज्ञों ने घटनास्थल का दौरा किया और रासायनिक पदार्थ की जांच की जा रही है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है।

झील के किनारे से एक जली कार से तीन बुरी तरह झुलसे हुए शव बरामद

तुमकुरु। तुमकुरु जिला मुख्यालय के बाहरी इलाके में एक झील के किनारे एक जली हुई कार से बुरी तरह से झुलसे तीन शव बरामद किये गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु से तुमकुरु लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित है। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। साथ ही कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार जिस जली हुई कार से बुरी तरह से झुलसे हुए शव बरामद किये गए वह कुचांगी झील के किनारे मिली।

भारतीय अंतरिक्ष यान का नाम 'पुष्पक' रखने में इसरो का हृदय परिवर्तन

चेन्नई। ऐसा लगता है कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अपने प्रक्षेपण यान का नामकरण करते समय अपना मन बदल लिया है। इसरो ने अपने लॉन्च वाहन के लिए 'पुष्पक' नाम चुना है। लंबे समय से इसरो अपने रॉकेट का नामकरण पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल, जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) और स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) जैसे नामों से करता रहा है। दिलचस्प है कि विदेशी अंतरिक्ष एजेंसियों के रॉकेटों के नाम छोटे होते हैं, जिन्हें याद रखना और ब्रांड बनाना आसान होता है।

इसरो के एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, यहां तक कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी एरियनस्पेस के रॉकेट एरियन का नाम फ्रांसीसी पौराणिक चरित्र एराडने से लिया गया है। उन्होंने कहा कि चीनी और रूसी रॉकेट - क्रमशः लॉन्ग मार्च और सोयुज - के नाम उनकी विचारधारा और इतिहास से जुड़े हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारत के पहले साउंडिंग रॉकेट का नाम रोहिणी रखा गया था। रॉकेट को मौसम विज्ञान और वायुमंडलीय अध्ययन के लिए बनाया गया था। बाद में रॉकेट को उस कक्षा के आधार पर लंबे घुमावदार नाम दिए गए जहां उन्होंने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (ध्रुवीय कक्षा-पीएसएलवी) और जीएसएलवी (जियोसिंक्रोनस कक्षा) जैसे उपग्रहों को स्थापित किया था। भारत ने अपने प्रारंभिक उपग्रहों का नाम भी प्रसिद्ध गणितज्ञ-खगोलशास्त्री आर्यभट्ट और गणितज्ञ भास्कर प्रथम और भास्कर द्वितीय के नाम पर रखा। कुछ समय बाद इसरो के अंदर सोच बदल गई। उपग्रहों का नाम उस उद्देश्य के अनुरूप रखा गया था, जिसके लिए उन्हें लॉन्च किया गया था और अब उनका एक सामान्य नाम है। इसरो ने अपने पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों का नामकरण बदलकर ईओएस के साथ क्रमांक 1, 2, 3 और अन्य टैग कर दिया है। नामकरण में एक उल्लेखनीय परिवर्तन भारतीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली के साथ हुआ। प्रारंभ में इसे भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) नाम दिया गया था। अंततः इसका नाम बदलकर एनएवीआईसी कर दिया गया - नेविगेशन शब्द से पहले तीन अक्षर और 'भारतीय तारामंडल' शब्द से पहले दो अक्षर लिए गए।

इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी. माधवन नायर ने पहले बताया था, अब समय आ गया है कि हम अपने धर्मग्रंथों, संस्कृति पर गौर करें और ऐसा नाम रखें जो नए रॉकेट की विशेषताओं और उसकी शक्ति को दर्शाए। भारतीय रडार इमेजिंग उपग्रह आरआईएसएटी का नाम सबसे पहले महाभारत में संजय के नाम पर 'संजय' रखने का प्रस्ताव रखा गया था, जिनके पास दिव्य दृष्टि थी और उन्होंने महल में अपने अंधे राजा धृतराष्ट्र को युद्ध के मैदान में होने वाली घटनाओं के बारे में बताया था।

सिसिर राडार प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक और मुख्य वैज्ञानिक तपन मिश्रा ने आईएएनएस को बताया, मैंने भारतीय महाकाव्य महाभारत के चरित्र के बाद आरआईएसएटी का नाम 'संजय' रखने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, इस विचार को खारिज कर दिया गया। मिश्रा पहले इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र में निदेशक थे।

भारतीय नौसेना और वायुसेना ने आईएनएस हंसा में पहला रडार सिम्युलेटर लॉन्च किया

बेंगलूरु। संयुक्त कौशल और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के तहत, भारतीय वायुसेना ने 18 मार्च को आईएनएस हंसा में पूरी तरह से स्वदेशी ढंग से विकसित रडार सिम्युलेटर का संचालन करके नौसेना के साथ पहला उत्पादक कदम उठाया है। पूरा सॉफ्टवेयर डिजाइन और विकास सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एसडीआई), एएफ में इन-हाउस किया गया। यह कार्य रिकॉर्ड 8 महीने में पूरा हुआ है।

एसडीआई बेंगलूरु स्थित आईएएफ का प्रमुख सॉफ्टवेयर प्रतिष्ठान है और एवियोनिक्स सॉफ्टवेयर डिजाइन विकास, एकीकरण और परीक्षण तथा उड़ान योग्यता प्रमाणन में महारत रखता है।

पांच नौसैनिक अड्डों को इस स्वदेशी प्रणाली से सुसज्जित करने की योजना है, जिसमें भारतीय नौसेना हार्डवेयर की आपूर्ति करेगी और वायुसेना संपूर्ण परिचालन सॉफ्टवेयर मुहैया कराएगी। प्रणाली में सर्विलांस रडार एलीमेंट (एसआरई), प्रिसिजन एप्रोच रडार (पीएआर), इंस्ट्रक्टर वर्क स्टेशन, रिकॉर्ड एंड रीप्ले और वॉयस एलीमेंट शामिल हैं। सिम्युलेटर उनके प्रशिक्षण संस्थानों में एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) नियंत्रकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है।

यह उन्नत सॉफ्टवेयर सुविधाओं के साथ एक उन्नत प्रणाली है। इसे वायुसेना के 50 एयरबेस पर भी संचालित करने की योजना है। कमांडेंट एसडीआई ने यह भी संकेत दिया कि नौसेना और वायुसेना के लड़ाकू विमानों पर एवियोनिक्स सिस्टम एकीकरण के क्षेत्र में संयुक्त कार्य भी चल रहा है।

लोकतंत्र की हत्या हो रही है देश में : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) करने को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है।

कांग्रेस की ओर से इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को यहां प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में गहलोत ने कांग्रेस के बैंक खाते 'फ्रीज' किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा, देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है..और (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी व अमित शाह के बगैर तो आप समझ सकते हैं कि केंद्र में एक पत्ता भी नहीं हलिता।

अब तो इनकी पार्टी वाले खुद ही इस बारे में टिप्पणी करने लगे हैं। गहलोत ने कहा कि ये मुद्दा गांव-गांव तक जा पहुंचा है और इस सरकार को ले डूबेगा। उन्होंने कहा, देश में यह मुद्दा ऐसा बना है कि पूरे देश में बहुत बड़ी प्रतिक्रिया है। देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है। देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है, संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं।

कांग्रेस के प्रदेश गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व केंद्र सरकार पर हमला बोला। डोटासरा ने कहा, वर्ष 2014 में जब से मोदी जी आए उसके बाद में एक से एक प्रहार लोकतंत्र पर किये जा रहे हैं। दूसरी विपक्षी पार्टियों पर किये जे रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

गहलोत ने इस मुद्दे को लेकर बाद में 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकतंत्र की हत्या पर आमादा भाजपा। उन्होंने लिखा, इलेक्टोरल बॉण्ड का महाघोटाला करने वाली भाजपा ने कांग्रेस के बैंक खाते 'फ्रीज' करके व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवाकर साफ कर दिया है कि वह चुनाव जीतने के लिए सारे हथकंडे अपनाएगी। कांग्रेस नेता गहलोत ने लिखा, भाजपा की यह तानाशाही प्रवृत्ति लोकतंत्र के आधार चुनावों का गला घोंटकर चीन व रूस जैसी व्यवस्था बनाने पर उतारू है।

ईडी का काम केवल राजनीतिक तोड़फोड़ करना ही रह गया है : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह गिरफ्तारी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार किया गया था।

गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा,पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है। ऐसा देश में पहली बार देखा जा रहा है कि संवैधानिक पदों पर बैठे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।

उन्होंने लिखा, ईडी का काम केवल राजनीतिक तोड़-फोड़ करना ही रह गया है। यह लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। गहलोत के कहा, ऐसा लगता है कि दिन रात 400 पार का शोर मचा रही भाजपा को 200 सीटों का भी आत्मविश्वास नहीं है इसलिए इस तरह के तानाशाहीपूर्ण कदम रोज उठाए जा रहे हैं।'

केजरीवाल की गिरफ्तारी कानून सम्मत प्रक्रिया है : भूपेन्द्र यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। केंद्रीय मंत्री और अलवर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को कहा कि कानून अपना काम कर रहा है और यह कानून सम्मत प्रक्रिया है जो देश में सबके लिए लागू है।

यादव ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी निर्णय है। यह कानूनी विषय है। यह सब पर लागू होता है और भ्रष्टाचार में जो भी लिप्त है उनके खिलाफ कानूनी एजेंसियां अपना काम करेगी। न्यायिक प्रक्रिया अपने आप चलती है इसके लिए कोई छोटा बड़ा नहीं होता। कानून की नजरों में सब एक समान होते हैं।

मुख्यमंत्री केजरीवाल के पक्ष द्वारा गुरुवार रात्रि में उच्चतम न्यायालय में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया है जो अपने आप चलेगी और न्यायालय के आदेश से ही कार्रवाई हुई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार रात को गिरफ्तार किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, मतदान के लिए सुरक्षित और डर रहित वातावरण सुनिश्चित करना पुलिस का दायित्व

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपादित करने में पुलिसकर्मियों की भूमिका अहम है। प्रदेश के मतदाता बिना किसी लालच, हिचक और डर के अपना वोट दें, यह सुनिश्चित करना पुलिस का उत्तरदायित्व है । उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 निर्बाध रूप से सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस विभाग अन्य विभागों के साथ आपसी सामंजस्य के साथ काम करे। साथ ही प्रदेश में संवेदनशील और क्रिटिकल बूथों की पहचान कर वहां शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए योजनाद्ध रूप से पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें।

गुप्ता आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए), जयपुर में आयोजित पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह संभावित अप्रिय हालातों के लिए पहले से ही तैयार रहे ताकि समय रहते उन्हें रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए त्वरित आपसी संचार और सूचना तंत्र सुदृढ़ होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि त्वरित और सही दिशा में सूचनाओं के आदान-प्रदान से किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहली बार चुनाव के दौरान इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 40 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा पुलिस अधिकारियों के लिए हैंडबुक भी जारी की गई है। इसमें पुलिस कर्मियों की सहायता के लिए चुनाव से संबंधित नियम, विधियां और दिशा-निर्देश शामिल किये गए हैं। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से इस हैण्डबूक को ध्यानपूर्वक पढ़ने तथा अनुसरण करने के लिए कहा। गुप्ता ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले सर्कुलर, हैंडबुक, प्रोटोकॉल और मैनुअल को भी पढ़ने के लिए कहा। उन्होंने चुनाव के 48 घण्टे पहले के साइलेंस पीरियड पर विशेष सावधानी बरतने तथा तदनुसार व्यवस्थाएं करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन लॉ ऑर्डर रिपोर्ट बनाकर आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि रेपिड एक्शन टीम धमकाने, घूसखोरी, साम्प्रदायिक संघर्ष और भ्रष्टाचार के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से बेहतर मॉनिटरिंग के प्रयास किये जाने चाहिये, ताकि चुनाव प्रक्रिया का शांतिपूर्ण संपादन किया जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस कर्मी अपने कर्तव्य के साथ-साथ मतदाता होने के अपने कर्तव्य का भी पालन कर सकें, इसके लिए उन्हें डाक मतपत्र की सुविधा दी गई है। गुप्ता ने सभी अधिकारियों से ईवीएम प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और भंडारण संवेदनशील कार्य है, जिसे पूरी जिम्मेदारी से किया जाए। उन्होंने गत राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान सी-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन की सफलता की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में यह एप काफी कारगर साबित हुआ है।

उदयपुर में बदमाशों ने जौहरी को मारा, 80 लाख रुपए के आभूषण लूटकर फरार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के उदयपुर जिले में बृहस्पतिवार को तीन अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक आभूषण दुकान के मालिक की गला घोंटकर हत्या कर दी और 80 लाख रुपये से अधिक के आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि जब बदमाश भागने की फिराक में थे तो पड़ोसियों ने उनमें से एक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने मौके से भागने के लिए फायरिंग भी की।

घटना शहर के भूपालपुरा थाना इलाके की है, घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास चौधरी के रूप में हुई, जबकि आशीष चौधरी और संदीप चौधरी सहित दो अन्य अब भी फरार हैं, तीनों हरियाणा के रहने वाले हैं। उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने कहा, तीनों लूट का प्रयास करने के लिए दुकान में घुसे थे। उन्होंने दुकान मालिक का गला घोंट दियाा उनमें से एक को उस समय पकड़ लिया गया जब वे मौके से भाग रहे थे।' उन्होंने कहा कि दुकान के मालिक अनिल पचौरी को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उद्घाटन

अलवर में शुक्रवार को लोकसभा के गोविंदगढ़ में 'लोकसभा चुनाव कार्यालय' के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हो वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।

धोनी के सीएसके की कप्तानी छोड़ने पर अश्विन ने कहा, यह तो होना ही था

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अनुभवी आल राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि रूतुराज गायकवाड़ को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी की जिम्मेदारी देने में जल्दबाजी नही की गयी क्योंकि महेंद्र सिंह धोनी का काम करने का तरीका जिस तरह का है, उन्होंने इस सलामी बल्लेबाज से लंबे समय पहले ही इस भूमिका के बारे में बात कर ली होगी । आईपीएल के 2024 सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले सीएसके ने धोनी द्वारा कप्तानी की जिम्मेदारी गायकवाड़ को सौंपने की घोषणा की।

सीएसके ने 2022 चरण में भी कप्तानी की जिम्मेदारी बदलने की मुहिम में रविंद्र जडेजा को कप्तान बनाया था लेकिन आठ मैच के बाद ही इस आल राउंडर ने धोनी को कप्तानी की जिम्मेदारी वापस लौटा दी। अश्विन ने कहा कि यह फैसला बिलकुल भी हैरान करने वाला नहीं था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, यह तो होना ही था, किसी न किसी चरण पर ऐसा होता। मैं एमएस धोनी को जानता हूं, उनके लिए टीम सबसे अहम है और वह हमेशा टीम की बेहतरी के बारे में ही सोचते रहते

हैं। अश्विन ने कहा, इसकी वजह से दो साल पहले उन्होंने कप्तानी की जिम्मेदारी जडेजा को सौंपी और अब यह रूतुराज को दी है। यह फैस्ला तो करना ही था लेकिन सवाल था कि वह कौन होगा और यह किस तरह होगा। इस अनुभवी क्रिकेटर का मानना है कि यह अंतिम समय में लिया हुआ फैसला नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि रूतुराज को कल ही पता चला हो कि वह बस बतौर बल्लेबाज खेलेंगे। मेरा मानना है कि धोनी ने पिछले साल ही रूतुराज को बताया होगा कि तुम्हें जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। मैं तुम्हारे साथ रहूंगा इसलिये तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

रूतुराज के कप्तान बनने के बारे में अश्विन ने उनका समर्थन किया क्योंकि उन्हें लगता है कि वह भी शांत और संयमित व्यक्तित्व का खिलाड़ी है। उन्होंने कहा, मैं रूतुराज को जानता हूं, वह बहुत ही शांत और संयमित खिलाड़ी है और बहुत अच्छा इंसान है। मैं उसके लिए खुश हूं।

गायकवाड़ ने आधिकारिक घोषणा के बाद स्वीकार किया कि धोनी ने पिछले सत्र में ही उन्हें टीम की कमान संभालने का संकेत दे दिया था। उन्होंने आईपीएलटी20 डॉट काम पर कहा, पिछले साल ही माही भाई ने मुझे कप्तानी का संकेत दे दिया था। उन्होंने कहा था 'तैयार रहो, यह तुम्हारे लिए हैरानी की बात नहीं होनी चाहिए'। जब हम शिविर में जुड़े तो उन्होंने मुझे कुछ मैच अभ्यास में भी अपने साथ शामिल किया।

पूजा-अर्चना

जयपुर में शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचे। उन्होंने वहां भगवान श्री गणेश के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। राज्यपाल मिश्र ने विघ्न हरण श्री गणेश की आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और संपन्नता के साथ खुशहाली की कामना की।

मेहरानगढ़ और कागा मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण, एडीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जोधपुर। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (द्वितीय) रतन लाल योगी ने कहा कि मेले में आने वाले मेलार्थियों और आमजन की सुरक्षा हमारी प्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान किसी को भी असुविधा न हो, इसलिए मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिससे कि मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो। अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगी ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ मेहरानगढ़ और कागा मेले को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

नव मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक स्वस्थ एवं सफल लोकतंत्र के लिए आवश्यक है प्रत्येक मतदाता की सक्रिय एवं प्रभावी भागीदारी। इसीलिए आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला स्वीप टीम के तत्वाधान में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जयपुर के रामबाग स्थित सुबोध स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नव मतदाताओं एवं शिक्षकों को आगामी 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर स्टूडेंट्स ने मै भारत हूं गीत पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही मैं हू भारत का भावी मतदाता जैसे स्लोगन के जरिय अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प भी लिया। जिला स्वीप टीम ने कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों स्टूडेंट्स एवं शिक्षकों को सी-विजिल, वीएचए, सक्षम एवं केवाईसी एप की जानकारी दी। साथ ही मतदान के जरिये लोकतंत्र के इस महोत्सव में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया एवं कार्यक्रम में मतदान की शपथ भी दिलाई।

गौरवमय इतिहास और समृद्ध संस्कृति वाला प्रदेश है बिहार : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को बिहार स्थापना दिवस पर राजभवन में बिहार के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गौरवमय इतिहास और समृद्ध संस्कृति का प्रदेश बिहार भारतीय इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है। उन्होंने बिहार के सांस्कृतिक इतिहास से प्रेरणा लेते हुए समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल मिश्र ने राजभवन में बिहार राज्य स्थापना दिवस पर संबोधित करते हुए मगध साम्राज्य से लेकर गुप्त वंश के साथ बिहार के आधुनिक इतिहास की चर्चा की तथा कहा कि प्राचीन भारतीय शिक्षा का भी बिहार प्रमुख केंद्र रहा है। यहीं नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय हुए हैं। उन्होंने चाणक्य और उनके अर्थशास्त्र के साथ ही बिहार से जुड़ी कला संस्कृति को भी भारत की अनुपम धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि बिहार देश में सभी क्रांतियों का अगुआ रहा है। सम्राट चन्द्रगुप्त एवं सम्राट अशोक की यह गौरवशाली धरा रही है तो महात्मा बुद्ध के आदर्शों का यही से विश्वभर में प्रसार हुआ।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप का प्रदर्शन, पार्टी बोली- यह भाजपा की "सबसे बड़ी राजनीतिक गलती"

पुलिस ने आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को हिरासत में लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया और इस दौरान 'अरविंद तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए गए। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की कैबिनेट मंत्री मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को हिरासत में लिया।

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने के लिए कई स्तरों पर अवरोधक लगाए गए और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया। मध्य दिल्ली में राउज एवेन्यू मार्ग पर आप मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। कई प्रदर्शनकारी सुबह करीब साढ़े बजे भाजपा कार्यालय की ओर कूच करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर इकट्ठा हुए, जहां पुलिस ने उन्हें बसों बैठा लिया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बल के जवानों भी तैनात किए गए हैं।

पुलिस ने जब आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने की कोशिशों की तो कई सड़क पर भी लेट गए। महिला पुलिसकर्मियों को महिला प्रदर्शनकारियों को घसीटते हुए देखा गया। इनमें से कई प्रदर्शनकारी केजरीवाल की तस्वीर लिए हुए थे। पुलिस के अनुसार अब तक 50 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है और मध्य दिल्ली से दूर स्थित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया है।

आप ने कहा कि देश में ''अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति'' पैदा हो गई है और भाजपा नेताओं को जेल भेजकर या उन्हें डरा-धमका कर अपने साथ शामिल कर विपक्षी दलों को खत्म करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती साबित होगी।

जैसे ही दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य ने सुबह 11 बजे के आसपास भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़ने की कोशिश की, उन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर बस में बैठा लिया। पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। हिरासत में लेने की कोशिश के दौरान आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इसी तरह जब महिला पुलिसकर्मियों ने आतिशी को रोकने की कोशिश की तो वह उनसे भिड़ गईं। पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठ गए और नारे लगाने लगे। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने उन्हें हटाने का प्रयास किया और नहीं हटने पर उन्हें हिरासत में ले लिया। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, मुझे आईटीओ पर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करते समय दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। पहले यह लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री को झूठे मामले में गिरफ्तार करते हैं, फिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो क्या है?'' पंजाब के मंत्री हरजोत बैंस को भी पुलिस ने हिरासत में लिया।

विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर डीडीयू मार्ग की ओर जाने वाली सड़कें बंद होने के कारण सुबह वाहन चालकों को आईटीओ, राजघाट और विकास मार्ग पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर यातायात जाम की स्थिति बनी रही। मध्य दिल्ली में ईडी कार्यालय क्षेत्र के आसपास की सड़कें भी बंद कर दी गईं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने आईटीओ स्टेशन को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बंद रखने की घोषणा की है। हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद, भारद्वाज ने अलीपुर पुलिस थाने से 'एक्स' पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गाना गाते दिख दे रहे हैं। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के दौरान भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केजरीवाल के परिवार के सदस्यों को घर में कैद कर दिया गया है और किसी को भी उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया।

आप विधायक, पार्षद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, परिवार को 'नजरबंद' करने का आरोप लगाया

नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के एक दिन बाद आप के विधायक और पार्षद केजरीवाल के परिवार से मिलने सिविल लाइंस स्थित उनके आवास पर पहुंचे। आप विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा, हम यहां मुख्यमंत्री के परिवार से मिलने आए हैं। उन्हें किसी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया है। किसी को नहीं पता कि वे किस हालत में हैं। केजरीवाल के आवास के बाहर मौजूद लोगों में जरनैल सिंह और राज कुमार आनंद समेत आप विधायक और दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय भी शामिल थीं। आप नेताओं ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'नजरबंदी खत्म करो' के नारे लगाए।

दिल्ली उच्च न्यायालय में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका दायर

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली उच्च न्यायालय में आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को एक जनहित याचिका दायर की गई। अदालत के सूत्रों के अनुसार, याचिका में कुछ खामियां हैं और उन्हें दूर करने के बाद उसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। सुरजीत सिंह यादव ने अपनी याचिका में अनुरोध किया है कि केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के प्रधान सचिव से यह बताने के लिए कहा जाए कि किस अधिकार के तहत केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर बने हुए हैं। याचिकाकर्ता ने केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का भी अनुरोध किया है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर निर्वाचन आयोग पहुंचे विपक्षी दल, हस्तक्षेप का आग्रह किया

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में निर्वाचन आयोग का रुख किया और यह आग्रह किया कि वह विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के ''दुरुपयोग'' को रोकने के लिए हस्तक्षेप करे। निर्वाचन आयोग से मुलाकात करने वाले विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने यह दावा किया कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग लोस चुनाव में समान अवसर की स्थिति को खत्म करना है जिसका चुनाव की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता पर प्रभाव पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल व अभिषेक सिंघवी, तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन एवं नदीमुल हक, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, सपा के सांसद जावेद अली खान, आप के सांसद संदीप पाठक, द्रमुक के पी विल्सन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के जितेंद्र अव्हाण शामिल थे। आयोग के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का ब्यौरा दिया और आरोप लगाया कि सिर्फ विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

केजरीवाल की गिरफ्तारी प्रतिशोध की राजनीति, इंडिया' गठबंधन और एकजुट होगा: कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को 'प्रतिशोध और उत्पीड़न की राजनीति' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह के कदम से 'इंडिया' गठबंधन और एकजुट होगा क्योंकि यह गठबंधन नहीं, बल्कि 'जनबंधन' है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बौखलाए हुए हैं तथा विपक्ष को पटरी से उतारने और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां की जा रही हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी ने बृहस्पतिवार रात को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने केजरीवाल को अदालत में पेश किया और 10 दिन की उनकी हिरासत का अनुरोध किया।

जेल में रहूं या बाहर, मेरा जीवन राष्ट्र को समर्पित : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित है, चाहे वह जेल के अंदर हों या जेल के बाहर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को यहां राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया और उनकी 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया। अदालत में पेश किए जाने के दौरान केजरीवाल ने 'टीवी9 नेटवर्क' से कहा, मेरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित है, चाहे मैं जेल के अंदर रहूं या बाहर। ईडी द्वारा बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल की यह पहली प्रतिक्रिया है। आप ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की ''राजनीतिक साजिश'' बताया है।

मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी दिल्ली के लोगों के साथ धोखा: केजरीवाल की पत्नी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के प्रमुख की गिरफ्तारी दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है। सुनीता केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आपके तीन बार चुने गए मुख्यमंत्री को मोदी जी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया। सभी को कुचलने में लगे हैं। यह दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है। आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहे हैं। अंदर (जेल) रहें या बाहर, उनका जीवन देश के लिए समर्पित है। जनता जनार्दन है, सब जानती है। जय हिन्द।

केजरीवाल को आगाह किया था कि शराब पर नीति न बनाएं, अपनी करतूतों के कारण गिरफ्तार हुए : हजारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। आबकारी नीति घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने आम आदमी पार्टी नेता को इस तरह की नीति बनाने से बचने की सलाह देते हुए आगाह किया था।

एक दशक पहले केजरीवाल के साथ देश में भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम का चेहरा बने हजारे ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को उनकी करतूतों के कारण प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। हजारे ने महाराष्ट्र में अपने गांव रालेगण सिद्धि में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मैंने उनसे कहा था कि हमारा काम आबकारी नीति बनाने का नहीं है। छोटा बच्चा भी जानता है कि शराब खराब चीज है। मैंने उनसे इससे बचने को कहा था। लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी और नीति बनाई।

हजारे ने कहा, उन्होंने सोचा कि वह ज्यादा पैसा कमाएंगे और इसलिए नीति बनाई। मुझे दुख हुआ और मैंने दो बार उन्हें पत्र लिखा। मुझे दुख हुआ कि केजरीवाल जैसा व्यक्ति आबकारी नीति बना रहा है जिसने एक वक्त मेरे साथ काम किया था और अल्कोहल के खिलाफ आवाज उठाई थी।

पश्चिम बंगाल में भी दिल्ली जैसा दृश्य दिख सकता है: सुकांत मजूमदार

कोलकाता/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में भी राष्ट्रीय राजधानी जैसा दृश्य दिखाई दे सकता है।

तृणमूल कांग्रेस ने मजूमदार के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि इस तरह का बयान लोकसभा चुनाव में 'भाजपा के हारने के डर' को दर्शाता है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार रात गिरफ्तार किया। मजूमदार ने कहा, पिछले महीने, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया। अब, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया। यह केवल दिखाता है कि यदि आप भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो मुख्यमंत्री होने से आपको किसी तरह की छूट नहीं मिल जाती। पश्चिम बंगाल में भी पिछले कुछ सालों में भ्रष्टाचार के इस तरह के आरोप सामने आए हैं।

बंगाल की सबसे ऊंची चोटी पर भारी हिमपात, कई पर्यटक वापस लाए गए

दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)/भाषा। पश्चिम बंगाल में सबसे ऊंचे हिमालयी पर्यटन स्थल संदकफू में हिमपात के बाद फंस गए करीब 40 पर्यटकों को वहां से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दार्जिलिंग जिले के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दार्जिलिंग जाने के रास्ते में संदकफू को मानेभंजन से जोड़ने वाली सड़क पर कुछ स्थानों पर एक फुट बर्फ जमी रही जिससे यातायात में बाधा आयी। दार्जिलिंग पहुंचने वाले साहसिक पर्यटन प्रेमी सैलानियों के लिए यह छोटा सा गांव पसंदीदा स्थल है क्योंकि वहां से कंचनजंगा, एवरेस्ट और कुछ अन्य चोटियों का शानदार नजारा दिखता है। जिलाधिकारी डॉ. प्रीति गोयल ने कहा, पिछले कुछ दिनों से हिमपात होने के कारण संदकफू के कई होमस्टे और होटलों में कुल 37 पर्यटक फंस गए थे। वे लौटना चाहते थे, जिसके बाद प्रशासन एवं पुलिस बृहस्पतिवार को उन्हें वापस लेकर आए। उन्होंने कहा कि हिमपात शुक्रवार को भी जारी है और पूरे क्षेत्र में बर्फ की मोटी चादर बिछी हुई है। हिमालय के सिंगालीला रिज में 11,930 फुट की ऊंचाई पर स्थित संदकफू कंचनजंगा, एवरेस्ट, मकालू और ल्होत्से चोटियों का शानदार नजारा पेश करता है।

भाजपा नेता भारती घोष ने किया संदेशखालि का दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/भाषा। उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है।

इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किए गए शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की।

शेख फिलहाल जेल में बंद है। महिलाओं ने दावा किया कि उनके पतियों को शेख के सहयोगियों के नियंत्रण वाले जलाशयों एवं अन्य संपत्तियों पर काम करने के लिए मजबूर किया गया।

सुंदरबन के समीप जेलियाखालि क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलने के बाद घोष ने संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है।

ममता बनर्जी सरकार संदेशखालि में लोगों की जान बचाने तथा महिलाओं की गरिमा एवं सम्मान को बनाए रखने में विफल रही है। वह शाहजहां जैसे सत्तारूढ़ पार्टी के बाहुबलियों द्वारा गरीबों पर ढहाए जा रहे अत्याचार को रोकने में भी विफल रही है। घोष ने ग्रामीण महिलाओं और उनके परिवारों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा, मैं एक रिपोर्ट तैयार करूंगी।

निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा, एक मजदूर की मौत, नौ घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुपौल/पटना/भाषा। बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक बयान में कहा, सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने से एक मजदूर की मृत्यु और कुछ अन्य मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है। यह घटना बहुत दुखद और मन को पीड़ा देने वाली है। प्रशासन को घायलों की अविलंब मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा, निर्माणधीन पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी। सिन्हा ने कहा, डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लोक निधि की लूट की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। यदि जांच में यह बात सामने आएगी तो जिम्मेदार कर्मियों और कंपनी पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम इस घटना को लेकर लगातार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से संपर्क में हैं और सारी आवश्यक जानकारी ले रहे हैं।

सुपौल जिला के बकौर से मधुबनी जिले के भेजा के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन उक्त पुल का एक हिस्सा मरीचा के पास गिर गया।

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) वाई बी सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी जब बिहार के मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का एक निर्माणाधीन स्पैन (पियर नंबर 153-154) ढह गया।

बदायूं दोहरा हत्याकांड: अदालत ने मुख्य आरोपी के भाई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

बदायूं (उप्र)/भाषा। बदायूं जिले की अदालत ने सिविल लाइंस स्थित बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हाल में हुई हत्या मामले के मुख्य आरोपी के भाई (एक अन्य आरोपी) को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मंगलवार देर शाम बाबा कॉलोनी में दो बच्चों की हत्या हुई थी और इस मामले के आरोपी जावेद ने बृहस्पतिवार शाम बरेली के बारादरी क्षेत्र स्थित सैटेलाइट पुलिस चौकी में आत्मसमर्पण कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि जावेद को बदायूं लाकर आज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद की अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद ने जावेद की पत्रावली का अवलोकन करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस जल्द जावेद को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने के लिए अदालत से आग्रह कर सकती है। बच्चों की हत्या का अन्य आरोपी साजिद वारदात के कुछ घंटे बाद ही पुलिस के साथ 'मुठभेड़' में मारा जा चुका है। गौरतलब है कि साजिद नामक व्यक्ति ने अपने भाई जावेद के साथ बाबा कॉलोनी स्थित एक घर में घुसकर तीन नाबालिग भाइयों- आयुष (12), अहान उर्फ हनी (आठ) और युवराज (10) पर चाकू से हमला किया था।

उच्च न्यायालय ने मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' घोषित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को 'उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004' को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे 'असंवैधानिक' करार दिया।

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर इफ्तिखार अहमद जावेद ने कहा है कि उनके वकील सम्भवत: अदालत के सामने अपना पक्ष सही तरीके से नहीं रख सके, इसीलिए यह निर्णय आया है। बोर्ड उच्च न्यायालय के निर्णय का अध्ययन करने के बाद तय करेगा कि आगे क्या करना है। वहीं, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा है कि उच्च न्यायालय के इस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मदरसा शिक्षा अधिनियम को 'अधिकारातीत' करार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह एक योजना बनाए जिससे राज्य के विभिन्न मदरसों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके। अदालत ने यह आदेश अंशुमान सिंह राठौर नाम के व्यक्ति की याचिका पर दिया। याचिका में उप्र मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केन्द्र और राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा किए जाने के औचित्य पर सवाल उठाए गए थे। उप्र में 25 हजार मदरसे हैं। इनमें 16500 मदरसे उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है, उनमें से 560 मदरसों को सरकार से अनुदान मिलता है।

लंबे समय तक बल्लेबाजी करना और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चंडीगढ़/भाषा। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है।

दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।

पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान

लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गई मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।

पंत ने कहा, मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिए यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिए जितना मैं ज्यदा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।

वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते। उन्होंने कहा, मैं इस पल में ही बने रहना चाहता हूं। ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं बस एक बार में एक दिन के बारे में और अपना शत प्रतिशत देने में ही ध्यान लगा रहा हूं।

वह टीम के लिए भी चीजें सरल ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमारी ज्यादातर बातचीत बहुत सरल ही है। हम मैदान पर लुत्फ उठाना चाहते हैं, चीजों को पेचीदा नहीं करना चाहते, सभी मैच में शत प्रतिशत देना चाहते हैं।

सुविचार

तूफान का भी आना जरूरी है जिंदगी में, तब जा कर पता चलता है, कौन हाथ छुड़ा कर भागता है और कौन हाथ पकड़ कर।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

किस मोड़ पर 'आप'?

व्यवस्था परिवर्तन, भ्रष्टाचार से मुक्ति और पारदर्शी शासन का वादा कर दिल्ली की सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) कभी इस मोड़ पर पहुंच जाएगी, यह किसी ने सोचा नहीं होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईमानदारी के बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद जिस तरह कानून के शिकंजे में आए हैं, उससे निश्चित रूप से कई लोगों की आशाएं धूमिल हुई हैं। इस पूरे प्रकरण से उनके 'गुरु' अन्ना हजारे को भी निराशा हुई है, जिन्होंने कभी केजरीवाल को मंच दिया था। बाद में उन्होंने उनसे ही रास्ते अलग करते हुए सियासी अखाड़े में छलांग लगा दी और अपने कई पूर्व सहयोगियों को भी किनारे कर दिया था। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को सुशासन के सपने दिखाए थे। कांग्रेस के साथ कभी न जाने की कसमें खाई थीं। कभी मंच पर खड़े होकर कागज लहराते हुए नेताओं को कोसते थे। बाद में वे कांग्रेस के पाले में भी गए और उन नेताओं के साथ हंसते-मुस्कुराते हुए गठबंधन में सहयोगी भी बन गए! रहा सुशासन, तो उस पर कई सवाल खड़े किए जा सकते हैं। सुशासन की स्थापना के लिए होना तो यह चाहिए था कि शराब की बिक्री-खरीद पर पूर्णत: पाबंदी लगा देते। इससे उनके शब्दों का वजन बढ़ता। नशाखोरी रोकने के लिए कड़ा संदेश जाता। कई परिवारों का कल्याण होता, लेकिन शराब की बिक्री बदस्तूर जारी रही। बल्कि कोरोना काल में तो शराब की दुकानों के आगे लंबी-लंबी कतारें देखी गई थीं। शराब की बिक्री शुरू होते ही परिवारों में कलह-क्लेश की खबरें फिर से आनी शुरू हो गई थीं। यह भी एक कड़वी हकीकत है कि शराब ने कई गृहिणियों और बच्चों के जीवन से खुशियां छीन लीं। बेहतर होता कि केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही यह घोषणा करते कि 'हम राष्ट्रीय राजधानी में शराब की एक बूंद भी नहीं बिकने देंगे। इसके लिए जितनी बड़ी कुर्बानी देनी होगी, हम देंगे।'

अन्ना हजारे ने अरविंद केजरीवाल को 'चेतावनी' दी थी। इसके लिए उन्हें दो बार पत्र भी लिखा था। अपने 'गुरु' की इतनी बड़ी नसीहत की उन्होंने क्यों अनदेखी की? अगर केजरीवाल शराबबंदी की घोषणा करते तो इसे आम जनता का समर्थन मिलता। खासतौर से महिलाएं तो इस फैसले का बहुत स्वागत करतीं। लेकिन हुआ इसका उल्टा। उनके शासन में ऐसी आबकारी नीति आई, जिसमें 'ईमानदारी' के दावे डूबते प्रतीत हुए। उनके 'साथी' मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा। केजरीवाल को ईडी की ओर से बार-बार समन मिल रहे थे, लेकिन वे कोई-न-कोई 'कारण' बताकर पेश होने से बचते रहे। अगर समन में खामी थी, तो भी केजरीवाल को पेश होने से बचने के बजाय सवालों का सामना करना चाहिए था। जब वे ईमानदारी से काम कर रहे हैं और कहीं कोई घपला-घोटाला नहीं हुआ है तो ईडी के सामने पेश होने से परहेज क्यों किया? इसी से कई लोगों के मन में संदेह पैदा होने लगा था कि कहीं 'गड़बड़' जरूर है, चूंकि केजरीवाल के लिए तो अपनी सरकार की ईमानदारी पर मोहर लगवाने का यह सबसे सुनहरा मौका था! उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और अन्ना आंदोलन का प्रमुख चेहरा रहे एन संतोष हेगड़े भी केजरीवाल से पूरी तरह निराश हैं। एक बड़े आंदोलन से निकले नाम, जिससे लोगों को बहुत आशाएं थीं, पर इतने गंभीर आरोप लगने से उनके पूर्व सहयोगियों व प्रशंसकों का निराशा महसूस करना स्वाभाविक है। 'आप' की ओर से केजरीवाल को न्यायालय से राहत दिलाने को लेकर कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन अभी तो इसके आसार नजर नहीं आ रहे। अगर उन्हें लंबे अरसे तक राहत न मिली तो पार्टी के सामने नेतृत्व का संकट खड़ा हो सकता है। लोकसभा चुनाव भी निकट हैं।

ट्वीटर टॉक

आज भारत विश्व की सबसे तेज गति से प्रगति कर रही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज की उपलब्धियों को आगे ले जाने के लिए हमने 25 वर्ष के अमृतकाल का संकल्प लिया है। शीघ्र ही हम विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं।

-सीपी जोशी

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'अबकी बार 400 पार' के संकल्प की सिद्धि हेतु आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर समस्त आठ क्लस्टर की सामूहिक बैठक को संबोधित किया व आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, कार्ययोजना व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

-भजनलाल शर्मा

राजस्थान मरु प्रदेश है और यहाँ जल संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता और एकजुटता ज़रूरी है। इसके सुखद परिणाम हमें मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के माध्यम से देखने को मिले भी हैं।

-वसुंधरा राजे

प्रेरक प्रसंग

संपदा का सदुपयोग

एक बार एक महात्मा राजा के महल पहुंचे। तभी राजा ने महात्मा को हीरे-मोतियों से भरा अपना खजाना दिखाया। महात्मा ने पूछा, 'राजन! इन पत्थरों से आपको कितनी आय होती है?' राजा ने कहा, 'आय नहीं होती, बल्कि इनकी सुरक्षा पर खर्च करना पड़ता है।' फिर एक दिन महात्मा राजा को एक किसान की झोपड़ी में ले गया। वहां एक स्त्री चक्की से अनाज पीस रही थी। महात्मा ने उसकी ओर संकेत कर कहा, 'पत्थर तो चक्की भी है और तुम्हारे हीरे-मोती भी। परंतु इसका उपयोग होता है और यह नित्य पूरे परिवार का पोषण करने योग्य धन भी दे देती है। तुम्हारे हीरे-मोती तो किसी उपयोग में भी नहीं आते हैं। उन्हें यदि दूसरे लोगों की मदद में खर्च करोगे तो सुरक्षा करने का खर्च तो बचा ही लोगे; बदले में लोगों की श्रद्धा और प्यार भी मिलेगा।

सामयिक

दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व है होली

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्योहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है।

हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्योहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये।

जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।

हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है।

होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। न्यूरोबायोलिस्ट और रिसर्चर सेमिर जैक कहते हैं, मस्तिष्क में प्यार और नफरत को जनरेट करने वाली वायरिंग एक ही होती है।' इस भावना की कुछ अलग तरह से व्याख्या करते हैं लेखक और समाजशास्त्री पेजिल पामरोज, प्रेम आत्मा के स्तर पर होता है और नफरत भावना के स्तर पर।' होली प्रेम एवं संवेदनाओं को जीवंतता देने का दुर्लभ अवसर है। यह नफरत को प्यार में बदल देता है। यह पर्व बाहरी दुनिया में मौज-मस्ती का अवसर ही नहीं देता, बल्कि भीतरी दुनिया का साक्षात्कार भी कराता है।

महान दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान के माध्यम से विभिन्न रंगों की साधना कराते हुए आत्मा को उजालने एवं भीतरी दुनिया को उन्नत बनाने की विधि प्रदत्त की है। रोमन सम्राट व चिंतक मार्क्स ऑरेलियस ने कहा भी है, मन के विचारों में रंगी होती है आत्मा।' जैन दर्शन भी कहता है कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही कर्म परमाणु आत्मा से चिपक जाते हैं। आत्मा के तमाम रंगों तक पहुंचने की हमारी यात्रा मन से होकर गुजरती है। हमें अपने विचारों को सही रखना होता है। उसमें दूसरों के लिए जगह छोड़नी होती है। नकारात्मक ऊर्जा के नुकसान से बचने के लिए होली के रंगों में सराबोर होना, रंगों का ध्यान करना, अपनी पर्वमय संस्कृति से रू-ब-रू होना फायदेमंद साबित होता है।

नजरिया

नीरस होती, होली की मस्ती

प्रियंका सौरभ
मोबाइल : 7015375570

होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि 'न हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग' ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी खेळी' और न ही होली का .....रे का शो। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं।

फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही 'फाग' शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडक़र डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे।

पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली।

जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्तों का मिठास खत्म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही हैप्पी होली' शुरू होती है और खत्म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्तों में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्लड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्तेदार के यहां ही ज्यादा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्या कर रही हो, तुम जल्दी घर आओ। क्यों अब लोगों को रिश्तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है।

दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझिया, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्ड ड्रिंक्स और फास्ट फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं।

होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे।

महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां?

अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है।

बात सामाजिक असमानता की करें, इसके कारण समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, नैतिकता खत्म होती जा रही हैं। कभी होली पर्व का अपना अलग महत्व था, होलिका दहन पर पूरे परिवार के लोग एक साथ मौजूद रहते थे। और होली के दिन एक दूसरे को रंग लगा व अबीर उड़ा पर्व मनाते थे। लोगों की टोली भांग की मस्ती में फगुआ गीत गाते व घर-घर जाकर होली का प्रेम बांटते थे।

अब हालात यह है कि होली के दिन 40 फीसदी आबादी खुद को कमरे में बंद कर लेती है। हर माह, हर ऋतु किसी न किसी त्योहार के आने का संदेसा लेकर आती है और आए भी क्यों न, हमारे ये त्योहार हमें जीवंत बनाते हैं, ऊर्जा का संचार करते हैं, उदास मनों में आशा जागृत करते हैं। अकेलेपन के बोझ को थोड़ी देर के लिए ही सही, कम करके साथ के सलोने अहसास से परिपूर्ण करते हैं, यह उत्सवधर्मिता ही तो है जो हमारे देश को अन्य की तुलना में एक अलग पहचान, अस्मिता प्रदान करती है। होली पर समाज में बढ़ते द्वेष भावना को कम करने के लिए मानवीय व आधारभूत अनिवार्यता की दृष्टि से देखना होगा।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को अवैध करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए कई साल पहले उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को शुक्रवार को अवैध घोषित कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी को रावलपिंडी बार एसोसिएशन में दिए गए भाषण के लिए 11 अक्टूबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायिक परिषद उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत शीर्ष निकाय है। सिद्दीकी ने अपने संबोधन में आईएसआई पर अदालती कार्यवाही को प्रभावित करने और पसंदीदा पीठ बनाने का आरोप लगाया था। बर्खास्त न्यायाधीश ने अपनी बर्खास्तगी को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिस पर कई वर्षों के बाद सुनवाई शुरू हुई। प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के नेतृत्व वाली पांच सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की, जिसका सीधा प्रसारण किया गया। पीठ में न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति जमाल खान मंदोखाइल, न्यायमूर्ति हसन अजहर रिजवी और न्यायमूर्ति इरफान सआदत शामिल रहे।

पीठ ने 23 जनवरी को सुनवाई पूरी की और फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने फैसला सुनाया कि सिद्दीकी को हटाया जाना अवैध था और उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश माना जाएगा और वह पूर्व न्यायाधीश को मिलने वाले सभी तरह के लाभ के हकदार होंगे। सुनवाई समाप्त होने से एक दिन पहले आईएसआई के पूर्व महानिदेशक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद ने न्यायमूर्ति सिद्दीकी की याचिका पर अपना जवाब दाखिल किया।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की हिरासत को लंबे समय तक बढ़ाने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के गठन में अपनी भागीदारी के आरोपों को खारिज कर दिया। आईएसआई के पूर्व महानिदेशक ने दावा किया कि न्यायमूर्ति सिद्दीकी ने बिना किसी कारण के उन्हें मामले में घसीटा। पिछली सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ईसा ने कहा था कि अदालत बिना जांच किए किसी को सजा नहीं सुना सकती। उन्होंने कहा, अगर किसी न्यायाधीश को हटाना इतना आसान होता यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

हिरासत

दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस।

धार्मिक बैठख

भारत के विभिन्न हिस्सों से साधु और पवित्र लोग शुक्रवार को अगरतला के एस्टेबल ग्राउंड में राष्ट्रीय सनातन सेवा संघ की एक धार्मिक बैठक में भाग लेते हुए। इस अवसर पर आयोजकों ने सात हजार गीताएं मुफ्त में वितरित कीं।

सैमसंग ने गैलेक्सी ए55 5जी और ए35 को लॉन्च किया, इन आकर्षक खूबियों से हैं लैस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। सैमसंग ने गुरुवार को गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की। नई ए सीरीज की डिवाइस कई प्रमुख फीचर्स से लैस है। इसमें गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन, एआई संवर्धित कैमरा फीचर्स और टैंपर-प्रतिरोधी सुरक्षा समाधान, सैमसंग नॉक्स वॉल्ट समेत कई अन्य नए फीचर्स हैं।

इस अवसर पर सैमसंग इंडिया के एमएक्स व्यापार वरिष्ठ निदेशक गुफ़रान आलम ने कहा, 'गैलेक्सी ए सीरीज पिछले दो वर्षों से भारत में सबसे अधिक बिकने वाली स्मार्टफोन सीरीज रही है, जो भारत के एमजेड उपभोक्ताओं के बीच इसकी जबरदस्त लोकप्रियता का प्रतीक है। गैलेक्सी ए55 5जी और ए35 5जी का लॉन्च प्रमुख इनोवेशन को सभी के लिए सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गैलेक्सी ए55 5जी और ए35 5जी हमें 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट और देश में सबसे तेजी से बढ़ते मिड-प्रीमियम (30,000-50,000 रुपए) सेगमेंट में अपने नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।'

ये फोन तीन ट्रेंडी रंगों - ऑसम लिलैक, ऑसम आइस ब्लू और ऑसम नेवी में उपलब्ध हैं। इन्हें आईपी67 रेटिंग दी गई है। बताया गया कि ये फोन एक मीटर ताजे पानी में 30 मिनट तक रह सकते हैं। ये धूल और रेत प्रतिरोधी हैं।

ये स्मार्टफोन फ्रंट और बैक पर कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन जैसी ड्यूरैबिलिटी के साथ हैं। 6.6-इंच एफएचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले और न्यूनतम बेजेल्स के साथ, 120एचजेड रिफ्रेश रेट बेहद स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करता है। नए ए सीरीज स्मार्टफोन यूजर्स के कंटेंट गेम को अगले स्तर पर ले

जाने के लिए कई इनोवेटिव एआई-एन्हांस्ड कैमरा फीचर्स के साथ पेश किए गए हैं। इनमें फोटो रीमास्टर, इमेज क्लिपर और ऑब्जेक्ट इरेज़र समेत कई अन्य फीचर्स शामिल हैं। कैमरा बेहद कम रोशनी में भी शानदार तस्वीरें लेने में सक्षम है।

सैमसंग नॉक्स वॉल्ट सिक्योरिटी ए-सीरीज में पहली बार आई है। हार्डवेयर-आधारित सुरक्षा सिस्टम हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों हमलों के खिलाफ व्यापक सुरक्षा प्रदान करेगा। 4एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित बिल्कुल नया एक्सिनॉस 1480 प्रॉसेसर गैलेक्सी ए55 5जी को मजबूती देता है, जबकि गैलेक्सी ए35 5जी को 5एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर निर्मित एक्सिनॉस 1380 प्रोसेसर में अपग्रेड किया गया है। फोन से गेम खेलने या मल्टी टास्किंग के दौरान शानदार आउटपुट सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीक प्रयुक्त की गई है। गैलेक्सी ए55 5जी और गैलेक्सी ए35 5जी के साथ, सैमसंग चार पीढ़ियों तक एंड्रॉइड ओएस अपग्रेड और पांच साल के लिए सुरक्षा अपडेट प्रदान करेगा

रूस ने प्रमुख जलविद्युत संयंत्र सहित यूक्रेनी विद्युत ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कीव। रूस ने यूक्रेन के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र सहित देश के कई हिस्सों में बिजली सुविधाओं पर हमला किया, जिससे बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई और इन हमलों के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रात के समय किए गए ड्रोन और रॉकेट हमले यूक्रेनी ऊर्जा क्षेत्र पर हाल में किए गए सबसे बड़े हमले हैं जिनका लक्ष्य सिर्फ नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि पिछले साल की तरह देश की ऊर्जा प्रणाली में बड़े पैमाने पर फिर से व्यवधान पैदा करने की कोशिश करना है। हमलों के कारण 'निप्रो पनबिजली संयंत्र' में आग लग गई जो यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान जोपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार तड़के बताया कि संयंत्र की मुख्य 750 किलोवॉट बिजली लाइन कट गई और कम-पावर की एक बैकअप लाइन काम कर रही है।

इस संयंत्र पर रूसी सैनिकों का कब्जा है और संयंत्र के आसपास लड़ाई परमाणु दुर्घटना की आशंका के कारण लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। देश के जलविद्युत प्राधिकरण ने कहा कि जलविद्युत स्टेशन पर बांध टूटने का खतरा नहीं है। बांध टूटने से न केवल परमाणु संयंत्र को आपूर्ति बाधित हो सकती थी बल्कि भीषण बाढ़ का भी खतरा था जैसा कि पिछले साल हुआ था जब नीपर के नीचे काखोवका में एक प्रमुख बांध ढह गया था।

जापोरिजिया के क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेदोरोव ने बताया कि रूसी हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम आठ लोग घायल हो गए। खारकीव क्षेत्र में ऊर्जा सुविधाओं पर हमलों के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई और पश्चिमी यूक्रेन के क्षेत्रों में भी हमले किए गए। गृह मामलों के मंत्रालय के अनुसार, खमेलनित्सकी क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई।

'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में शिरकत करेंगे अनु मलिक और गीता कपूर

मुंबई/एजेन्सी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में कोरियोग्राफर गीता कपूर के साथ संगीतकार अनु मलिक शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' गीता कपूर के साथ अनु मलिक का स्वागत करेगा। हुमा कुरेशी के साथ, हास्य कलाकार अपने मजेदार कारनामों से सभी को खूब हसाएंगे।अनुराधा कनाबार, केतन सिंह, कुशल बद्रीके और हेमांगी कवि के साथ मिलकर 'नवरा बायको' नामक एक बेहद मनोरंजक गैग प्रस्तुत करेंगी। 'मैडनेस' टीम का हिस्सा बनने के बारे में अपने उत्साह को साझा करते हुए, अनुराधा ने कहा, मैं 'मैडनेस मचाएंगे' का हिस्सा बनकर और अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हास्य कलाकारों के साथ काम करके बेहद रोमांचित हूं। कुशल बद्रीके, हेमांगी कवि और केतन सिंह

के साथ काम कर रही हूं। 'नवरा बायको' का एक्ट बेहद मजेदार था, और मैं दर्शकों के लिए भी इसे देखने के लिए उत्साहित हूं! हमारा स्केच एक पति की अपनी पत्नी के साथ होली मनाने की उत्सुकता को चित्रित करता है, लेकिन ससुराल वालों के अचानक आ जाने से यह विफल हो जाता है । यह हास्य और बुद्धि से भरपूर एक प्रासंगिक परिदृश्य है, जो भारतीय पारिवारिक विचित्रताओं पर प्रकाश डालता है।मेरा मानना है कि 'इंडियन सास' का मेरा हास्य चित्रण मनोरंजक और मनमोहक दोनों होगा, जो दर्शकों को पारिवारिक जीवन के हल्के पक्ष की आनंददायक झलक पेश करेगा। अनु मलिक और गीता कपूर और हुमा कुरेशी के सामने प्रदर्शन करना बेहद खुशी की बात थी। 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे', इस शनिवार, रात 9:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

नेहा धूपिया ने कहा, बिना फिल्टर के जीवन काफी बेहतर

मुंबई/एजेन्सी

चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' की मेजबानी करने वाली एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने कहा कि बिना फिल्टर वाला जीवन ताजगीपूर्ण, उत्साहपूर्ण और मजेदार होता है। नेहा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि अगर वास्तविक जीवन में कोई फिल्टर नहीं होता तो उन्हें कैसा महसूस होता, उन्होंने कहा: मुझे ऐसा लगता है कि बिना फिल्टर के जीवन वास्तव में काफी ताजा है। यह मार्मिक, मजेदार और ईमानदार है लेकिन जब तक ये किसी को ठेस नहीं पहुंचाए, तब तक ही अच्छी है।'' नेहा ने कहा, ''अगर आप इसे अपने लिए कर रहे हैं और आप बेहतर महसूस करते हैं और आप आराम से बिस्तर पर जाते हैं, यह अहम बात है। लेकिन मुझे नहीं

लगता कि किसी की भावना को ठेस पहुंचाना जरूरी है। एक्ट्रेस ने आगे कहा, आपके अपने स्तर पर अपने स्वयं के फिल्टर का होना वास्तव में अच्छा है। नेहा जल्द ही मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित आगामी वेब सीरीज 'थेरेपी शेरेपी' में दिखाई देंगी। इसमें एक्ट्रेस गुलशन देवैया के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

दर्शकों को बेहद पसंद आएगी 'बड़की माई'

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता जय यादव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'बड़की माई' दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी और बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। जी बायोस्कोप प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'बड़की माई' का निर्माण इन दिनों जोर शोर से चल रहा है। इस फिल्म में जय यादव के साथ बंगाली ब्यूटी मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता मुख्य किरदार में हैं।इस फिल्म के निर्माता दीपक शाह हैं, जबकि निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। इस फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि फिल्म के सेट पर हम लोग बेहद मेहनत कर रहे हैं। उसके साथ ही हमें उम्मीद है कि यह फिल्म मांस को पसंद आने वाली है और यह बॉक्स ऑफिस के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। बड़की माई एक शानदार फिल्म है। यह फिल्म

सामाजिक सरोकारों वाली है और फिल्म खूब बड़े बजट के साथ बनाया जा रहा है उम्मीद है कि जब यह बॉक्स ऑफिस को हिट करेगी तब वहां कई कीर्तिमान स्थापित करेगी।

इसी सोच के साथ हम लोग सभी मिलकर इस फिल्म को शूट कर रहे हैं। इसमें मेरी भूमिका बेहद खास है और उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह पसंद आएगी फिल्म के गाने और संगीत के साथ संवाद भी लाजवाब होने वाले हैं। सबसे बड़ी बात है कि इस फिल्म का कॉन्सेप्ट बेहद अलग है और यह सबों को पसंद आएगी।

सारा अली खान को 20वीं सदी का रूसी इतिहास बेहद पसंद

मुंबई/एजेन्सी

अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में दिखाई देने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने कहा है कि उन्हें 20वीं सदी का रूसी इतिहास और रूसी साहित्य पसंद है। इतिहास की छात्रा रहीं एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी पीरियड फिल्म की रिलीज से पहले आईएएनएस से बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें सोवियत संघ के पतन और रूस में व्लादिमीर लेनिन के उत्थान तक 100 वर्षों के भीतर क्या- क्या ऐतिहासिक क्षण घटित हुए, इस बारे में बहुत दिलचस्पी है। उन्होंने आईएएनएस से कहा, मुझे 20वीं सदी का रूसी इतिहास बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह जानना बहुत दिलचस्प है कि वे व्लादिमीर लेनिन, जोसेफ स्टालिन, निकिता ख्रुश्चेव और मिखाइल गोर्बाचेव के समय सोवियत संघ के पतन तक कैसे पहुंचे, ये सब 100 सालों में हुआ है। इसे इस तरह से देखना बहुत दिलचस्प है।'' वास्तव में, निकिता ख्रुश्चेव ही वह व्यक्ति थे जिन्होंने अपने पूर्ववर्ती जोसेफ स्टालिन के अपराधों की निंदा की और उनकी नीतियों को हटाया और अपनी नीति लाए। उन्होंने रूसी साहित्य के प्रति अपने प्रेम के बारे में भी बताया और सूची में शीर्ष पर रहने वाले फ्योडोर दोस्तोवस्की के साथ अपने पसंदीदा लेखकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''मुझे रूसी साहित्य भी बहुत पसंद है।

भ्रष्टाचार निरोधक कार्यकर्ता से आबकारी 'घोटाले' के आरोपी केजरीवाल चुनाव से पहले गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। सार्वजनिक जीवन की शुरुआत 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का नेतृत्व से करने वाले और लगातार तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल का करियर नौकरशाह से कार्यकर्ता और फिर सियासी नेता के रूप में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब उनकी आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी दलों के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के घटक के तौर पर दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में लोकसभा चुनाव के दौरान जीत हासिल करने के गंभीर प्रयास कर रही है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल की गिरफ्तारी से पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि वह लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की योजनाओं और रणनीति के केंद्र में रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति में पार्टी को अनिश्चितता का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि इसके कई अन्य वरिष्ठ नेता या तो जेल में हैं या राजनीतिक अज्ञातवास में हैं।

केजरीवाल के विश्वस्त सहयोगी राज्य सभा सदस्य संजय सिंह और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आबकारी नीति मामले में जेल में हैं, जबकि एक अन्य विश्वस्त सहयोगी सत्येन्द्र जैन धनशोधन के एक अन्य मामले में जेल में हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) से स्नातक केजरीवाल ने पहली बार 2013 में कांग्रेस के बाहरी समर्थन से दिल्ली में बनी 'आप' सरकार का नेतृत्व किया था। नयी दिल्ली

निर्वाचन क्षेत्र में उनका मुकाबला दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित से हुआ और उन्होंने अपने चुनावी राजनीतिक करियर की शुरुआत उन्हें 22,000 मतों के अंतर से हरा कर किया। लेकिन आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन सरकार केवल 49 दिनों तक चली क्योंकि केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में जन लोकपाल विधेयक पारित करने में असमर्थ होने के कारण इस्तीफा दे दिया। दिल्ली में पहले ही चुनाव में पार्टी को मिली जीत से उत्साहित केजरीवाल ने 2014 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और तब प्रधानमंत्री पद के दावेदार नरेन्द्र मोदी के साथ मुकाबला करने की घोषणा की, लेकिन उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। अगले साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने आप को 67 सीटों पर जीत दिलाई और मोदी लहर पर सवार भाजपा को केवल तीन सीटों पर सीमित कर दिया, जबकि कांग्रेस शून्य सीट पर चली गई। दिल्ली विधानसभा के लिए 2015 में हुए चुनाव के लिए उन्होंने 2013 में 49 दिनों के कार्यकाल के दौरान अपने कार्यों के लिए लगातार माफी मांगी और फिर से पद नहीं छोड़ने का वादा किया। केजरीवाल 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे और अगले साल गांधी जयंती (दो अक्टूबर) को अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में 'आप' की स्थापना की ।

महज 12 साल की छोटी सी अवधि में केजरीवाल ने अकेले दम पर आप को भाजपा और कांग्रेस के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ा राष्ट्रीय दल बना दिया। 'आप'का असर न केवल दिल्ली और पंजाब में है, बल्कि सुदूर गुजरात और गोवा में देखने को मिला। केजरीवाल को उनके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के दिनों में नेताओं ने वास्तविक राजनीति का स्वाद चखने के लिए सक्रिय राजनीति में आने की चुनौती दी थी। जब वह राजनीति में आए तो स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी और बिजली आपूर्ति जैसे मुद्दों को अपनी राजनीति और शासन के केंद्र में रखने में कामयाब रहे। हालांकि, उनके विरोधियों ने लोकपाल के अपने वादे को छोड़ने के लिए उनकी आलोचना की।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

भगवान महावीर ने पुस्तक की सुरक्षा के लिए कवर की, शरीर की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य की नितान्त आवश्यकता बताई, वैसे ही जीवन की सुरक्षा व इहलोक एवं परलोक की सुरक्षा के लिए धर्म की आवश्यकता है। धर्म के क्षेत्र में छलावा या प्रदर्शन न हो। छल कपट, प्रपंच न हो। आत्मशुद्धि का साधन ही धर्म है।

वैष्णव महाविद्यालय में भव्य तरीके से मनाया खेल दिवस

सभी विजताओं को किया गया सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अरुंबाक्कम के द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव कॉलेजमें 22 मार्च को प्रांगण में खेल दिवस भव्य तरीके से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन डॉ. एस. संतोष बाबू ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी कॉलेज के लिए विद्यार्थी सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और वैष्णव कॉलेज हमेशा से पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी बढ़ावा दे रहा है। हर प्रकार से खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा हैं। एशियाई खेलों से लेकर प्रतिष्ठित ए एल मुदलियार ट्रॉफी जीतने तक हर जगह वैष्णव कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने मार्च पास्ट करने वाले छात्रों और सभी विजेताओं को बधाई प्रेषित की।

महाविद्यालय के सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा ने कहा कि पढ़ाई खेलकूद के बिना अधूरी है। कॉलेज की प्रबंध समिति कॉलेज के सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। वैष्णव कॉलेज इस समय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार कर रहा है।

भारतीय महिला वालीबाल टीम का 16 वर्षों तक प्रतिनिधित्व करने वाली वॉलीबॉल खिलाड़ी और दक्षिण रेलवे टीम की कोच श्रीमती गायत्री इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कहा, जो मनुष्य के रूप में पैदा हुआ है वह किसी भी क्षेत्र में जीत सकता है और प्रगति कर सकता है। जीवन में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण है। 15 साल तक पढ़ाई करने के बाद आपको डिग्री मिल सकती है। जो भी कार्य चाहो करो, लेकिन सभी लोग प्रतिदिन कम से कम एक घंटा अवश्य खेलें या टहलें इससे स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। जीवन भी बेहतर होगा, उन्होंने कहा आज मैं जो कुछ भी हूँ खेल की वजह से ही हूँ। कॉलेज के कोषाध्यक्ष अशोक केडिया, खेल संयोजक प्रो जयदीप, खेल निदेशक डॉ. एम. कार्तिकेयन और डॉ. ई. वसंत कुमार उपस्थित थे।

प्रणत को श्रेष्ठ सहयोगी छात्र सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पिछले दिनों अरुम्बाक्कम स्थित श्री द्वारकादास गोवर्धनदास वैष्णव महाविद्यालय में व्यवसाय प्रशासन विभाग के स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ। इसमें बीबीए (वर्ग सी) अंतिम वर्ष के छात्र प्रणत धींग को बेस्ट सपोर्टिंग स्टूडेंट (श्रेष्ठ सहयोगी छात्र) का सम्मान दिया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. एन. सरुलता, सहायक प्रोफेसर के. लक्ष्मी एवं कक्षा अध्यापिका डॉ. दीपिका ने प्रणत को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रणत ने अनुशासन के साथ शैक्षणिक कार्यों में निष्ठापूर्वक सहयोग करके मिसाल कायम की। उनके अलावा यशराज, परम शिव मिश्र, जाह्नवी और हरिणी को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

भूटानी युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लिखे गीत पर गरबा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

थिम्पू। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने भूटानी युवाओं के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शुक्रवार को देश में स्वागत करते हुए उनके द्वारा लिखे एक गरबा गीत पर नृत्य किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी 'पड़ोस प्रथम' की नीति के तहत भूटान के साथ भारत के अनूठे संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान मोदी का विशेष स्वागत किया गया। भूटान के युवाओं के एक समूह ने हाल में मोदी द्वारा लिखे एक गीत पर गरबा किया। मोदी ने उन्हें नृत्य करते हुए देखा और प्रस्तुति के अंत में उनकी सराहना की।

प्रधानमंत्री का पारो हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनकी अगवानी की। पारो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थिम्पू तक के 45 किलोमीटर लंबे मार्ग को भारत और भूटान के राष्ट्रीय ध्वजों से सजाया गया था और मार्ग के दोनों ओर खड़े भूटानी लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। भूटान के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हिंदी में लिखा, भूटान में आपका स्वागत है मेरे बड़े भाई। मोदी के स्वागत में राजधानी थिम्पू में बड़े-बड़े बैनर लगाए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक बयान में कहा था कि यह यात्रा दोनों पक्षों को पारस्परिक हित के द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए आपसी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तारित एवं मजबूत करने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी।

बयान में कहा गया था कि भारत और भूटान के बीच आपसी विश्वास, समझ एवं सद्भावना पर आधारित एक अनूठी व स्थायी साझेदारी है। भारत और भूटान के बीच राजनयिक संबंध 1968 में स्थापित हुए थे। भारत-भूटान संबंधों की मूल रूपरेखा 1949 में दोनों देशों के बीच हुई मित्रता एवं सहयोग संधि रही है जिसमें फरवरी 2007 में संशोधन किया गया था।

शारदीय नवरात्र सेवा समिति ट्रस्ट का होलिका दहन 24 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। माधवरम स्थित शिव मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 24 मार्च को रात्रि 9 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं ट्रस्ट द्वारा 25 मार्च को वीएस मणि नगर पार्क में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। होली त्योहार को यादगार बनाने के लिए स्थानीय भजन गायक पंकज सिंह एंड कंपनी को आमंत्रित किया गया है जो दोपहर 2 बजे से अपने मनमोहन संगीत होली फगुआ और अन्य पारंपरिक गीतों के जरिए श्रोताओं को मनोरंजन प्रदान करेंगे। डीजे पर नाच डांस का प्रोग्राम भी रखा गया है। समिति के एक पदाधिकारी डीके पांडेय के अनुसार होली पर्व पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों को जुटने की संभावना है जो एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाएंगे साथी अल्पाहार के साथ कार्यक्रम की पूर्णाहुति की जाएगी।

जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने मैक्सिको की ग्रेसिया से शादी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने मैक्सिको की मॉडल से उद्यमी बनीं ग्रेसिया मुनोज से शादी की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हाल ही में अपने मंच पर 'सिर्फ शाकाहारी' सेवा शुरू करने वाले गोयल की यह दूसरी शादी है। गोयल (41) की पहले कंचन जोशी से शादी हुई थी। दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गोयल और जोशी एक ही विभाग में पढ़ते थे। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, ग्रेसिया भारत में लक्जरी उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र में अपना स्टार्टअप चला रही हैं। वह पहले मॉडलिंग करती थीं। गोयल से उनकी शादी कुछ महीने पहले हुई है। ग्रेसिया के इंस्टाग्राम में उनके परिचय में लिखा है, मैक्सिको में जन्मीं और अब भारत में अपने घर में। ग्रेसिया मेट्रोपॉलिटन फैशन वीक, 2022 की विजेता रही थीं। गोयल को इसी सप्ताह सिर्फ शाकाहारी लोगों को ध्यान में रखते हुए नई भोजन सेवा शुरू करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भारत की अफ्रीकी देशों पर नजर : खान सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। केंद्रीय खान सचिव वी एल कांता राव ने शुक्रवार को कहा कि कोबाल्ट और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भारत की अफ्रीका पर नजरें टिकी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश लिथियम ब्लॉक के लिए अभी भी ऑस्ट्रेलिया के साथ बातचीत कर रहा है। राव ने यहां एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, हम लिथियम और कोबाल्ट सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अफ्रीका के जाम्बिया, नामीबिया, कांगो, घाना और मोजाम्बिक देशों में संभावनाएं तलाश रहे हैं। प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और अन्य उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की काफी अहम उपयोगिता है। राव ने कहा कि अपतटीय खनिज ब्लॉकों की नीलामी से जुड़े नियमों को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 अपतटीय ब्लॉकों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अपतटीय ब्लॉकों की नीलामी आम चुनाव के बाद होगी। खान सचिव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी के पहले दौर का नतीजा 10 दिनों में आ जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में लिथियम ब्लॉक की नीलामी अब तीसरी किस्त में की जाएगी क्योंकि इसके लिए केवल दो बोलियां ही आई थीं। इसे पहले दौर में बिक्री के लिए रखा गया था। सरकार ने इस महीने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी का तीसरा चरण शुरू किया है। इस दौर में कुल सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी की जा रही है।

उच्च न्यायालय ने कैफे विस्फोट संबंधी टिप्पणी को लेकर करंदलाजे के खिलाफ जांच पर रोक लगाई

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे के खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में आगे की जांच पर शुक्रवार को रोक लगा दी। यह मामला बेंगलूरु में एक प्रदर्शन के दौरान उनके उस बयान को लेकर दर्ज किया गया था जिसमें शहर के रामेश्वरम कैफे विस्फोट के संदिग्ध को तमिलनाडु से जोड़ा गया था। निर्वाचन आयोग की एक टीम ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत करंदलाजे के खिलाफ यहां कॉटनपेट पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। ये धाराएं धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता की भावना बढ़ाने से संबद्ध हैं। न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की एकल पीठ ने संबद्ध पक्षों को नोटिस जारी किया और मामले की जारी जांच पर रोक लगा दी। न्यायाधीश ने भाजपा नेता को सार्वजनिक रूप से बयान देने में सावधानी बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी दलों के नेताओं को एक सभ्य समाज में संयम बरतना चाहिए।

पंकजमुनि की हुई सफल एंजियोप्लास्ट सर्जरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्रमण संघीय उपप्रवर्तकश्री पंकजमुनिजी म.सा. की सोमवार को जैन हॉस्पिटल में हार्ट की सफल एंजियोप्लास्ट सर्जरी हुई। सेवाभावी डॉ. वरुणमुनिजी ने बताया कि यह सर्जरी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश कोठरी एवं डॉ. रामअनिल राज के निर्देशन में सम्पन्न हुई। अनेक साधु साध्वियों ने उपप्रवर्तकश्री के कुशलक्षेम पूछी।

अस्पताल के पदाधिकारियों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने संतश्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुनिश्री अभी अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

बिहार स्थापना दिवस व होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आज

सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद कर रही है यह आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बिहारी समुदाय की संस्था सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में बिहार स्थापना दिवस व होली मिलन समारोह का आयोजन आज शनिवार को शाम 4 बजे से पैलेस ग्राउंड स्थित गायत्री विहार 'वृक्षा' सभागार में आयोजित है। कार्यक्रम अध्यक्ष उदयकुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था बिहार राज्य का 112वां स्थापना दिवस मना रही है तथा उसी उपलक्ष्य में होली मिलन का आयोजन भी किया है। कार्यक्रम संयोजक हरिशचन्द्र झा ने बताया कि इस मौके पर भागलपुर के सुप्रसिद्ध कुमार सत्यम, गायिका श्रेयासिंह, भोजपुरी गायक रघुपति झा, जुड़वा गायिका सुश्री दिया व जिया झा लोकगीत व फागुन के गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा भोजपुरी, मगही, मैथिली क्षेत्रों के अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन में बिहार समाज की विभिन्न संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। परिषद के अध्यक्ष डॉ विनयकुमार यादव व सचिव पंडित राजगुरु ने विभिन्न बिहार समाज व संस्था के सभी सदस्याओं व परिवार को इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता दिया है।

'पर की चिंता करने पर ही प्रभु हमारी चिंता करेंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिंधनूर। शहर के कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ के तत्वावधान में कट्टर ग्राम में पहुंचे आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने अपने प्रवचन में कहा कि आप संसारी है घर बसाकर बैठे है इसलिए आपके घर कभी भी कोई भी आ सकता है। श्रावक के घर संयमी, सधार्मिक,स्वजन श्रावक के अलावा दीन-दुःखी भी कभी भी आपके घर आ जाते हैं क्योंकि श्रावक के द्वार तो हमेशा अभंग खुले होते हैं। अभंग यानी जो बंद न हो ऐसे द्वार। जीवन में हमेशा दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए क्योंकि सेवा से ही प्रभु प्राप्ति संभव है। जो सबका होता है, तभी संसार उसका होता है। संसार हमेशा उसका साथ देता है जो संसार का साथ देता है। हमें अपने साथ पर की चिंता भी करनी चाहिए। यदि हम पर की चिंता करेंगे तो प्रभु हमारी चिंता करेंगे।

गणेश बाग में सोजतरोड़ जैन संघ कर्नाटक का स्नेह-मिलन 31 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में बसे सोजतरोड़ के प्रवासियों को एक सूत्र में पिरोने एवं उनमे आपसी परिचय को बढ़ाने व प्रवासियों की प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के उद्धेश्य से गठित सोजतरोड जैन संघ कर्नाटक का स्नेह मिलन 31 मार्च को आयोजित होगा। संघ के अध्यक्ष संतोषकुमार सियाल के अनुसार भगवान महावीर रोड़ स्थित गणेशबाग में यह स्नेह मिलन आयोजित है। कार्याध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने स्नेह मिलन की तैयारियों हेतु आयोजित सभा में कहा कि इस आयोजन के माध्यम से सदस्य परिवारों में आपसी परिचय व जुड़ाव के संघ के उद्धेश्य की पूर्ति भी होगी। संघ के मंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि स्नेह मिलन आयोजन के दौरान संघ द्वारा सदस्यों के हित में आयोजित होने वाली भविष्य की योजनाओं का निर्धारण होगा। उनके अनुसार स्नेह मिलन में सभी वर्ग की महिलाओं एवं बच्चों के लिये विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व मनोरंजक खेल का आयोजन भी होगा। आयोजन की तैयारी बैठक में संघ मार्गदर्शक उगमराज फूलफगर, सुरेशचंद गुन्देचा, कोषाध्यक्ष रमेशकुमार गांधी, कोर समिति सदस्य देवराज कोठारी, उगमराज गांधी, व्यवस्थापक माणक-मदन इत्यादि भी मौजूद थे।

नार्थ पुलिस डीसीपी ने गिरवी व ज्वेलरी व्यापारियों से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गुरुवार को मल्लेश्वरम स्थित पुलिस नार्थ जोन के डीसीपी सेडुलु अडावत ने क्षेत्र के गिरवी व ज्वेलरी व्यापारियों की एक औपचारिक बैठक बुलाई। बैठक में कर्नाटक राजस्थानी व्यापारी संघ, पीनिया सेकण्ड स्टेज के अध्यक्ष मनोहरलाल व मंत्री ललितकुमार गांधी अपनी टीम के साथ शामिल हुए तथा उन्होंने गत दिनों विभिन्न ज्वेलरी व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं पर विस्तार से डीसीपी से चर्चा की।

पुलिस अधिकारी अडावत ने सभी व्यापारियों से सौहार्द पूर्व बातचीत करते हुए व्यापारियों की समस्याओं को सुना और हर संभव सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपनी अपनी दुकान पर सावधानी तो बरतनी ही है साथ ही पुलिस उसके साथ है, घबराने की जरुरत नहीं है। डीसीपी अडावत ने कहा कि यदि व्यापारियों को कोई भी किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वह बेझिझक उनसे सम्पर्क कर शिकायत कर सकते है। पुलिस व्यापारियों व नागरिकों की सुरक्षा व सहयोग के लिए है।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.